ॐ

ॐ श्री जटलबोधस्वारस्यैकपदे

केषुकिद काड़ा

T

❀ अथ ❀

दुर्गासप्तशती ।

भाषाटीकासहिता ।

T

अथ दुर्गासप्तशती ।

भाषाटीकासहिता ।

संक्षेपमें दुर्गापाठकी विधि—प्रथम संकल्प, उसके वाद पुस्तकका पूजन, फिर कवचपाठ, अर्गलापाठ, कीलकपाठ, नवार्णका अष्टोत्तरशतजप, तदनन्तर रात्रिसूक्त तब दुर्गासप्तशती फिर देवीसूक्त, नवार्णजप, विसर्जन इति ।

अथ संकल्पः ।

अद्येत्यादि॰ श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासर-

T

स्वतीदेवताप्रीत्यर्थं सप्तशतीपाठाख्यं कर्म करिष्ये तदङ्गत्वेनादौ कवचार्गलाकीलकपठनमाद्यन्तयोरष्टोत्तर शतसंख्याकनवार्णजपपूर्वकं क्रमेण रात्रिसूक्तदेवीसूक्त-पठनमन्ते रहस्यत्रयपठनं च करिष्ये ।

(संकल्प कर फिर)

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः ।
T
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम् ॥

चण्डिका देवीको प्रणामकर मार्कण्डेय ऋषि कहने लगे कि–हे ब्रह्माजो ! संसारमें जो परम गुप्त है, मनुष्योंकी सबप्रकारसे रक्षाकरनेवाला है और जो पहले

अथ देवीकवचम् ॥ ॐ नमश्चण्डिकायै । मार्कण्डेय उवाच । ॐ यद्गुह्यं परमं लोके सर्वरक्षाकरं नृणाम् । यन्न कस्यचिदाख्यातं तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥ ब्रह्मोवाच । अस्ति गुह्यतमं विप्र सर्वभूतोपकारकम् । देव्यास्तु कवचं पुण्यं तच्छृणुष्व महामुने ॥ २ ॥ प्रथमं शैलपुत्री

किसीसे कहा नहीं है वह मुझसे कहो ॥ १ ॥ ब्रह्माजी कहने लगे कि–हे विप्र ! जो अत्यंत गुप्त, संपूर्ण प्राणियोंका उपकारक और पवित्र देवी का कवच है, ह महामुने ! [illegible]को सुनो ॥ २ ॥ पहिली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी

T

चन्द्रघंटा, चौथी कूष्माण्डा ॥ ३ ॥ पाँचवीं स्कन्दमाता, छठीं कात्यायनी, सातवीं कालरात्री, आठवीं महागौरी ॥ ४ ॥ और नवीं सिद्धिदात्री इस प्रकार जो ये नौ

च द्वितीयंब्रह्मचारिणी । तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम् ॥ ३ ॥ पञ्चमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च । सप्तमंकालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्॥४॥ नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः। उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ॥ ५ ॥ अग्निना दह्यमानस्तु शत्रुमध्ये गतो रणे । विषमे दुर्गमे [illegible] भयार्ताः

दुर्गाओं के नाम महात्मा ब्रह्माजीने कहे हैं॥५॥अग्निसे जलता हुआ,शत्रुओं के

बीचमें प्राप्तहुआ, रणमें और बड़े सङ्कटमें प्राप्तहुआ, मनुष्य भयसे पीड़ित होकरशरण में जाकर जो इन नामोंका स्मरण करते हैं ॥६॥ उनको रणसङ्कटमें किंचिन्मात्र भी

शरणं गताः॥६॥ न तेषां जायते किंचिदशुभं रणसंकटे ॥ नापदं तस्य पश्यामि शोकदुःखभयं नहि ॥ ७ ॥ यैस्तु भक्त्या स्मृता नूनं तेषां वृद्धिः प्रजायते । ये त्वां स्मरन्ति देवेशि रक्षसे तान्न संशयः ॥ ८ ॥ प्रेतसंस्था तु

अशुभ नहीं होता और उनको विपत्तियाँ नहीं होतीं तथा शोक, दुःख और भय इनमें से भी कुछ नहीं होता ॥७॥ और हे देवेशि ! जिन्होंने भक्तिपूर्वक तुम्हारा स्मरण कियाहै, निश्चय उनकी वृद्धि होतीहै और जो तुम्हारा स्मरण करतेहैंउनकी तुम निःसंदेहरक्षाकरतीहो॥८॥चामुंडादेवी प्रेतपरस्थित होतीहैअर्थात्प्रेतकीसवारी

करती है, वाराही भैंसेकी ऐन्द्री हस्ती की, वैष्णवी गरुडकी॥६॥माहेश्वरी वृषकी, कौमारी मयूर [मोर] की सवारी करती है। और हाथमें कमल लिये विष्णुकी प्रिया लक्ष्मी देवी कमलमें स्थित होती है॥ १० ॥ और श्वेत रूपको धारण

चामुण्डा वाराही महिषासना। ऐन्द्री गजसमारूढा वैष्णवी गरुडासना ॥६॥ माहेश्वरी वृषारूढा कौमारी शिखिवाहना। लक्ष्मीः पद्मासना देवी पद्महस्ता हरिप्रिया ॥ १० ॥ श्वेतरूपधरा देवी ईश्वरी वृषवाहना। ब्राह्मी हंससमारूढा सर्वाभरणभूषिता ॥ ११ ॥ इत्येता मातरः सर्वाः सर्वयोगसमन्विताः। नानाभरणशोभाढ्या

करनेवाली ईश्वरी देवी बैलकी सवारी करती हैं। संपूर्ण आभूषणोंसे भूषित ब्राह्मी देवी हंसकी सवा[illegible] हैं॥ ११ ॥ इस प्रकार ये संपूर्ण माताएं [देवियाँ]

संपूर्ण योगोंसे युक्त, अनेक प्रकारके आभूषणोंकी शोभासे युक्त नाना प्रकारके रत्नोंसे शोभित ॥ १२ ॥ क्रोधसे आकुल हुई रथकी सवारी किये दीख पड़तीहैं

नानारत्नोपशोभिताः ॥१२॥ दृश्यन्ते रथमारूढा देव्यः क्रोधसमाकुलाः । शंखं चक्रं गदां शक्तिं हलं च मुसलायुधम् । खेटकं तोमरं चैव परशुं पाशमेव च ॥ १३ ॥ कुन्तायुधं त्रिशूलं च शार्ङ्गमायुधमुत्तमम् । दैत्यानां

और शंख, चक्र, गदा, शक्ति, हल, मुसल, खेटक, तोमर, फरसा, फाँसी ॥१३॥ भाला, त्रिशूल और उत्तम आयुध शार्ङ्ग नामा धनुष इस प्रकार आयुधों (हथियारों) को दैत्योंके नाशके लिये, भक्तोंके अभयके लिये और देवताओं के हितके लिये देवियाँ धारण करती हैं, हे महारौद्रे ! तुमको नमस्कार है । हे महाघोर पराक्रमे !

तुझको नमस्कार है ॥ १४ ॥१५॥ हे महाबले ! हे महान् उत्साहवाली ! हे महा भयको नाशकरनेवाली ! हे दुःखसे दर्शन देनेवाली ! हे शत्रुओं को भयप्रदानेवाली

देहनाशाय भक्तानामभयाय च ॥ १४ ॥ धारयन्त्यायुधानीत्थं देवानां च हिताय वै । नमस्तेऽस्तु महारौद्रे महाघोरपराक्रमे ॥ १५ ॥ महाबले महोत्साहे महाभयविनाशिनी । त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रूणाँ भयवर्धिनी ॥१६॥ प्राच्यां रक्षतु मामैन्द्री आग्नेय्यामग्निदेवता । दक्षिणेऽवतु वाराही नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी ॥ १७ ॥

देवि ! मेरी रक्षाकरो ॥१६॥ ऐन्द्री देवी पूर्व में मेरी रक्षाकरें, अग्निदेवता अग्निकोण में रक्षाकरें, वाराहीदेवी दक्षिणमें रक्षाकरें खड्गधारिणीदेवी नैऋत्यकोणमें रक्षाकरें १७

और वारुणीदेवी पश्चिममें रक्षाकरे, मृगवाहिनीदेवी वायुकोणमें रक्षाकरें कौमारी उत्तरमेंरक्षाकरें, शूलधारिणी देवीईशानकोणमेंरक्षाकरें॥१८॥ब्रह्माणी ऊपरमेंरक्षा

प्रतीच्यां वारुणी रक्षेद्वायव्यां मृगवाहिनी।
उदीच्यां पातु कौमारी ईशान्यां शूलधारिणी॥ १८॥
ऊर्ध्वं ब्रह्माणि मे रक्षेदधस्ताद्वैष्णवी तथा। एवं दश-
दिशो रक्षेच्चामुण्डा शववाहना॥ १९॥ जया मे चाग्रतः
पातु विजया पातु पृष्ठतः। अजिता वामपार्श्वे तु दक्षि-

करें और वैष्णवी नीचेसे रक्षाकरें। इसी प्रकार शव [मुरदा] की सवारी करने वाली चामुण्डा देवी दशों दिशाओंमें रक्षा करें॥ १९॥ जयादेवी आगेसे मेरी रक्षा करें, विजया पीछेसे रक्षा करें. अजितादेवी बाई ओरसे रक्षा करें. और

अपराजिता देवी दाहिनी ओरसे रक्षा करें ॥२०॥ उद्योतिनी देवी शिखाकी रक्षा करें, उमा शिरकी रक्षा करें, मालाधरी ललाटकी रक्षा करें यशस्विनी भ्रुकुटियोंकी

णे चापराजिता ॥२०॥ शिखामुद्योतिनी रक्षेदुमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता। मालाधरी ललाटे च भ्रुवौ रक्षेद्यशस्विनी ॥ २१ ॥ त्रिनेत्रा च भ्रुवोर्मध्ये यमघण्टा च नासिके। शंखिनी चक्षुषोर्मध्ये श्रोत्रयोर्द्वारवासिनी ॥२२॥ कपोलौ कालिका रक्षेत्कर्णमूले तु शांकरी। नासिकायां

रक्षा करें ॥ २१ ॥ और त्रिनेत्रा देवी भ्रुकुटियों के मध्यमें रक्षा करें, यमघंटा नासिकाके पुटोंकी रक्षा करें, शंखिनी नेत्रोंके मध्यमें और द्वारवासिनी कानों में रक्षा करें ॥२२॥ कालिका कपोलोंकी और शाङ्करी कर्णमूलोंकी रक्षाकरें, सुगंधा

नासिकामें और चर्चिका ऊपरके ओंठमें रक्षा करें ॥ २३ ॥ अमृतकला नीचे के ओंठकी और सरस्वती जिह्वा की रक्षा करें और कौमारी दाँतोंकी, चण्डिका

सुगन्धा च उत्तरोष्ठे च चर्चिका ॥ २३ ॥ अधरे चामृत-कला जिह्वायां च सरस्वती । दन्तान् रक्षतु कौमारी कण्ठदेशे तु चण्डिका ॥ २४ ॥ घंटिकां चित्रघण्टा च महामाया च तालुके । कामाक्षी चिबुकं रक्षेद्वाचं मे सर्वमङ्गला ॥ २५ ॥ ग्रीवायां भद्रकाली च पृष्ठवंशे ध-

कंठभागकी रक्षा करें ॥ २४ ॥ चित्रघंटा घेंटूको,महामाया तालुकी,कामाक्षीठोडो को और सर्वमङ्गला वाणीकी रक्षा करें ॥ २५ ॥ भद्रकाली ग्रीवाकी, धनुर्धारी पीठके रीढ़को नीलग्रीवा कंठके बाहरको और नलकूबरी नाड़ीकी नलियोंकी रक्षा

करें ॥२६॥ खड्गिनी कन्धोंकी वज्रधारिणी भुजाओंको, दण्डिनी दोनों हाथोंकी और अम्बिका संपूर्ण अंगुलियोंकी रक्षा करें॥२७॥ शूलेश्वरी नखोंकी, कुलेश्वरी कुक्षिकी

नुर्धरी । नीलग्रीवा बहिः कण्ठे नलिकां नलकूबरी ॥ २६ ॥
स्कन्धयोः खड्गिनी रक्षेद्बाहू मे वज्रधारिणी । हस्तयो-
र्दण्डिनी रक्षेदम्बिका चाङ्गुलीषु च ॥ २७ ॥ नखाञ्छू-
लेश्वरी रक्षेत् कुक्षौ रक्षेत्कुलेश्वरी । स्तनौ रक्षेन्म-
हादेवी मनः शोकविनाशिनी ॥ २८ ॥ हृदये
ललिता देवी उदरे शूलधारिणी । नाभौ च कामिनी

महादेवी स्तनोंकी, शोकविनाशिनी मनकी रक्षा करे॥२८॥ ललिता देवी हृदयकी, शूल

धारिणी उदरकी, कामिनी नाभिकी और गुह्येश्वरी गुह्यकी रक्षा करें ॥ २९ ॥ पूतना कामिका लिंगकी, महिषवाहिनी गुदाकी, भगवतीकटिकी और विन्ध्यवासिनी

रक्षेद्गुह्यं गुह्येश्वरी तथा ॥२९॥ पूतनाकामिका मेढ्रं गुदे महिषवाहिनी। कट्यां भगवती रक्षेज्जानुनी विन्ध्यवासिनी ॥ ३० ॥ जंघे महाबला रक्षेत्सर्वकामप्रदायिनी। गुल्फयोर्नारसिंही च पादपृष्ठे तु तैजसी ॥ ३१ ॥ पादांगुलीषु श्रीरक्षेत्पादाधस्तलवासिनी । नखान्दंष्ट्रा

देवी दोनों गोडों की रक्षा करें॥३०॥सवकामनाओंकी देनेवालीमहाबलाजंघाओं की नारसिंही गुल्फों (घुटनों) की और तैजसी देवी पाँवोंके पृष्ठभागकी रक्षा करे ॥३१॥ श्रीधरी पाँवों के अगुलियोंकी, तलवासिनी पांवों के अधोभागों [तलुवों]

की रक्षा करें करालिनी दंष्ट्राओं (डाढों) की और ऊर्ध्वकेशिनी केशोंकी रक्षा करें ॥ ३२ ॥ कौमारी रोमकूपोंको, वागीश्वरी त्वचाको और पार्वती रक्त, मज्जा,

कराली च केशांश्चैवोर्ध्वकेशिनी ॥ ३२ ॥ रोमकूपेषु कौमारी त्वचं वागीश्वरी तथा । रक्तमज्जावसामांसान्यस्थिमेदांसि पार्वती ॥ ३३ ॥ अन्त्राणि कालरात्रिश्च पित्तं च मुकुटेश्वरी । पद्मावती पद्मकोशे कफे चूड़ामणिस्तथा ॥ ३४ ॥ ज्वालामुखी नखज्वालामभेद्या सर्वसं-

वसा, मांस, हड्डियाँ और मेद इनको रक्षा करें ॥ ३३ ॥ कालरात्रि आँतोंकी मुकुटेश्वरी पित्तको, पद्मावती पद्मकोशकी और चूड़ामणि कफकी रक्षा करें ॥३४॥ ज्वालामुखी नखकी ज्वालाकी, अभेद्या सर्व संधियों की, ब्रह्माणी वीर्यकी

और छत्रेश्वरी छाया की रक्षा करें ॥३५॥ धर्मधारिणी मेरे अहंकार, मन और बुद्धिकी रक्षा करें, प्राण, अपान, व्यान, उदान, और समानको वज्रहस्ता रक्षा

धिषु ॥ शुक्रं ब्रह्माणि मे रक्षेच्छायाँ छत्रेश्वरी तथा ॥ ३५॥ अहंकारं मनो बुद्धिं रक्षेन्मे धर्मधारिणी। प्राणापानौ तथा व्यानमुदानं च समानकम् ॥ ३६ ॥ वज्रहस्ता च मे रक्षेत्प्राणं कल्याणशोभना। रसे रूपे च गन्धे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी ॥ ३७॥ सत्त्वं रजस्तम-

करें ॥ ३६ ॥ मेरे प्राणको कल्याणशोभना रक्षा करें और योगिनी देवी रस, रूप, गन्ध, शब्द और स्पर्श इनकी रक्षा करें ॥ ३७ ॥ नारायणी संपूर्णकाल में सत्व, रज और, तमकी रक्षा करें, वाराही आयुकी और वैष्णवी धर्म की रक्षा

T

करें ॥ ३८ ॥ चक्रिणी यश, कीर्ति, लक्ष्मी, धन और विद्याकी रक्षाकरें, इन्द्राणी मेरे शरीर को रक्षा करें और हे चण्डिके ! तुम मेरे पशुओंको रक्षा करो ॥३९॥

श्चैव रक्षेन्नारायणी सदा। आयू रक्षतु वाराही धर्मं रक्षतु वैष्णवी ॥३८॥ यशः कीर्तिं च लक्ष्मीं च धनं विद्यां च चक्रिणी। गोत्रमिन्द्राणी मे रक्षेत्पशून्मे रक्ष चण्डिके ॥ ३९ ॥ पुत्रान्रक्षेन्महालक्ष्मीर्भार्यां रक्षतु भैरवी ॥ पन्थानं सुपथा रक्षेन्मार्गं क्षेमकरी तथा ॥ ४० ॥ राजद्वारे महालक्ष्मीर्विजया सर्वतः स्थिता। रक्षाहीनं

महालक्ष्मी पुत्रोंकी और भैरवी भार्याकी रक्षाकरें औरमार्गमें कुशल करनेवाली सुपथा देवी रक्षा करें ॥ ४० ॥ महालक्ष्मी राजद्वार में रक्षा करें और

विजया चारोंतरफ स्थितहोकर मेरी रक्षाकरें और जो स्थान रक्षाहीनहैं और कवचसे वर्जित हैं ॥ ४१ ॥ उनकी संपूर्ण पापों का नाश करनेवाली जयंती देवी रक्षा

तु यत्स्थानं वर्जितं कवचेन तु ॥४१॥ तत्सर्वं रक्ष मे देवि जयन्तीपापनाशिनी। पदमेकं न गच्छेत्तुयदीच्छेच्छुभमात्मनः॥४२॥ कवचेनावृतो नित्यं यत्र यत्रैव गच्छति। तत्र तत्रार्थलाभश्च विजयः सार्वकामिकः ॥ ४३ ॥ यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्। परमैश्वर्य-

करें। जो मनुष्य अपने शुभकी इच्छा चाहे तो कवचके विना एक पग भी गमन न करे ॥ ४२ ॥ नित्य कवच से आवृत हुआ मनुष्य जहाँ २ जाता है वहाँ २ द्रव्यलाभ और संपूर्ण कामनाओं को सिद्ध करने वाला विजय पाता है ॥ ४३ ॥

पुरुष जिस २ कामना का चिन्तन करते हैं निश्चय करके वे प्राप्त होते हैं और पृथ्वीतल पर अतुल (अपार) ऐश्वर्य प्राप्त होता है ॥ ४४ ॥ और कवच से

मतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान् ॥४४॥ निर्भयो जायते मर्त्यः संग्रामेष्वपराजितः। त्रैलोक्ये तु भवेत्पूज्यः कवचेनावृतः पुमान् ॥ ४५॥ इदं तु देव्याः कवचं देवानामपि दुर्लभम्। यः पठेत्प्रयतो नित्यं त्रिसन्ध्यं श्रद्धया-

आवृत (आच्छादित) मनुष्य नहीं जाताहुआ होकर भीयुद्ध में निर्भय होजाना है, और त्रैलोक्य में पूज्य होता है ॥४५॥ यह देवी का कवच देवताओं को भी दुर्लभ है, श्रद्धायुक्त और निश्चल भावसेजो मनुष्य नित्य तीनों संध्याओंमें

इस कवच का पाठ करता है ॥४६॥ उसको दैवीकला प्राप्त होती है, त्रैलोक्य में अजेय होता है और अपमृत्युसे रहित होकर सौ वर्षों के ऊपरतक जीता है

न्वितः ॥ ४६ ॥ दैवी कला भवेत्तस्य त्रैलोक्येष्वपराजितः। जीवेद्वर्षशतं साग्रमपमृत्युविवर्जितः ॥ ४७ ॥ नश्यन्ति व्याधयः सर्वे लूताविस्फोटकादयः ॥ स्थावरं जंगमं चैव कृत्रिमं चापि यद्विषम् ॥ ४८ ॥ अभिचाराणि सर्वाणि मन्त्रयन्त्राणि भूतले। भूचराः खेचराश्चैव जलजाश्चोपदेशिकाः ॥ ४९ ॥ सहजा कुलजा माला

॥ ४७ ॥ लता विस्फोटक आदि सम्पूर्ण व्याधियां नष्ट हो जाती हैं स्थावर विष, जंगमविष और कृत्रिमविष ॥ ४८ ॥ और पृथ्वीपर होनेवाले सम्पूर्ण अभिचार मंत्र, यंत्र, भूचर प्राणी, खेचर प्राणी, जलचरप्राणी, और उपदेशिक ॥ ४९ ॥ संसर्गसे

उत्पन्न हुए रोग, कुलमें उत्पन्न हुए रोग, गंडमाला, डाकिनी, शाकिनी अंतरिक्ष-चर प्राणी, महाबलवाली, घोर डाकिनियाँ ॥ ५० ॥ ग्रह, भूत, पिशाच, यक्ष, गंधर्व, राक्षस, ब्रह्मराक्षस, वेताल, कूष्माण्ड और भैरवादि ॥५१॥ ये सब कवच

डाकिनी शाकिनी तथा । अन्तरिक्षचरा घोरा डाकिन्यश्च महाबलाः ॥ ५० ॥ ग्रहभूतपिशाचाश्च यक्षगन्धर्वराक्षसाः । ब्रह्मराक्षसवेतालाः कूष्माण्डा भैरवादयः ॥ ५१ ॥ नश्यन्ति दर्शनात्तस्य कवचे हृदि संस्थिते मानोन्नतिर्भवेद्राज्ञस्तेजोवृद्धिकरं परम् ॥५२॥ यशसा

जिसके हृदय में हैं उस मनुष्य के दर्शनसे उपरोक्त बाधायें नष्ट हो जाती हैं, और इस कवच से मनकी उन्नति होती है और राजा के तेजको बढ़ानेवाला तो केवल यह कवच ही है अन्य कवचादि नहीं ॥ ५२ ॥ जो मनुष्य प्रथम इस कवचका

पाठ करके पश्चात् चंडी सप्तशतीं पाठ करता है पृथ्वीतल में उसके यश और कीर्ति वृद्धिको प्राप्त होते हैं ॥ जब तक भूमण्डल पर्वत बगीचे तथा वनोंको धारण करता है तबतक इस कवचका पाठ करनेवाले मनुष्य की सन्तति

वर्धते सोऽपि कीर्तिमण्डितभूतले। जपेत्सप्तशतीं चण्डीं कृत्वा तु कवचं पुरा ॥५३॥ यावद्भूमण्डलं धत्ते सशैल वनकाननम् । तावत्तिष्ठति मेदिन्यां संततिःपुत्रपौत्रिकी ॥५४॥ देहान्ते परमं स्थानं यत्सुरैरपि दुर्लभम् । प्राप्नोति पुरुषो नित्यं महामायाप्रसादतः ॥ ५५ ॥ लभते

पृथ्वीपर स्थित रहती है ॥ ५४ ॥ और महामायाकी कृपासे इस मनुष्य शरीरके अन्त में उस परम स्थान को नित्य प्राप्त रहताहै कि जो देवताओं को भी दुर्लभ है ॥ ५५ ॥ और यह पुरुष परमरूप को प्राप्त होकर शिवजीके संग आनंद करता

है ॥५६॥इति वाराहपुराणान्तर्गतहरिहरब्रह्मविरचित देवीकवचभाषाटीकासमाप्त॥

परमं रूपं शिवेन सह मोदते ॥ ५६ ॥ इतिवाराहपुराणे हरिहरब्रह्मविरचितं देव्या कवचं समाप्तम् ॥

अथार्गलास्तोत्रम् ।

ॐनमश्चण्डिकाय । जयन्तीमङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गाक्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तु ते ॥१॥ जय त्वं देवि चामुण्डे जय भूतार्तिहारिणि जय

ॐ नमश्चण्डिकायै ॥ जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा रूपोंवाली तुझ देवीको नमस्कार है ॥ १ ॥ हे देवि! तुम्हारी जयहो । हे चामुण्डे ! तुम्हारी जयहो । हे प्राणियोंकी पीड़ा हरनेवाली ।

तुम्हारी जय हो! हे सर्वगते! हे देवि! तुम्हारी जय हो! हे कालरात्रि! तुझको नमस्कार है ॥ २ ॥ हे मधुकैटभका नाश करने वाली! हे ब्रह्माको वर देने वाली! हे देवि! तुझको नमस्कार है। हे देवि! मुझको रूप दो, जय दो, यश

सर्वगते देवि कालरात्रि नमोस्तुते ॥२॥ मधुकैटभविद्रावि विधातृवरदे नमः। रूपं देहि जयं देहि यशोदेहि द्विषो जहि ॥३॥ महिषासुरनिर्णाशि भक्तानां सुखदे नमः। रूपं देहिजयं देहि यशोदेहि द्विषो जहि ॥४॥ रक्तबीजवधे देवि चण्डमुण्डविनाशिनि। रूपं देहिजयंदेहि यशोदेहिद्विषो

दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ ३ ॥ हे महिषासुरको नाश करनेवाली! हे भक्तोंको सुख देनेवाली! हे देवि! तुझको नमस्कार है। मुझको रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ ४ ॥ हे रक्तबीज का बध करनेवा

लो ! हे चंडमुंडका नाश करनेवालो ! हे देवि ! मुझको रूप दो जय दो, यश दो और मेरे शत्रुओंको नष्ट करो ॥५॥ हे शुम्भ निशुम्भ और धूम्राक्षको मर्दन

जहि ॥ ५ ॥ शुंभस्यैव निशुम्भस्य धूम्राक्षस्य च मर्दिनि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ६ ॥ वन्दितांघ्रियुगे देवि सर्वसौभाग्यदायिनि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ७ ॥ अचिन्त्यरूप-चरिते सर्वशत्रुविनाशिनि । रूपं देहि जयं देहि यशोदेहि

करनेवाली देवि ! मुझको रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ ६ ॥ हे वन्दित चरणारविन्दोंवालो ! हे संपूर्ण सौभाग्य देनेवाली देवि ! मुझको रूप दो, जय दो यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो । ७॥ हे अचिं-

न्त्य रूप और चरितवाली ! हे संपूर्ण शत्रुओंको नष्टकरनेवाली ! हे देवि ! मुझ को रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ ८ ॥ हे चंडिके ! दुःखों को नष्ट करनेवाली ! हे देवि ! भक्तसे संपूर्ण काल में नष्ट हुए

द्विषो जहि ॥ ८ ॥ नतेभ्यः सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥९॥ स्तुवन्द्यो भक्तिपूर्वं त्वां चण्डिके व्याधिनाशिनि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १० ॥ चण्डिके सततं ये त्वामर्चयन्तीह भक्तितः । रूपं देहि जयं देहि

अपने भक्तों को रूप दो, जय दो यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥९॥ हे चण्डिके ! हे व्याधिनाशिनी ! भक्तिपूर्वक स्तुति करते हुए अपने जनोंको रूपदो, जय दो, यशदो और मेरे शत्रुको नष्ट करो ॥१०॥ हे चण्डिके ! यहाँ पृथ्वीतल

त से भक्तिसे निरन्तर जो तुम्हारा पूजन करते हैं उनको रूपदो जय दो यश दो और उन केशत्रुओं को नष्ट करो ॥ ११ ॥ हे देवि ! मुझको सौभाग्य दो

यशो देहि द्विषो जहि ॥ ११ ॥ देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि मे परमं सुखम् । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १२ ॥ विधेहि द्विषतां नाशं विधेहि बलमुच्चकैः । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १३ ॥ विधेहि देवि कल्याणं विधेहि परमां श्रियम् । रूपं दे हि

आरोग्य दो, और परम सुख दो, और रूप दो, जय दो, यश दो, और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ १२ ॥ हे देवि ! शत्रुओंका नाशकरो और अधिक बल उत्पन्न करो और रूप दो जय दो, यशदो, और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ १३ ॥

हे देवि ! मेरा कल्याण करो और मेरे परम सम्पत्ति करो और मुझको रूप दो, यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ १४ ॥ हे सुर असुरोंके मुकुटरत्नोंकी रगड़ से घिसे हुए चरणारविन्द अर्थात् सुर असुरों द्वारा मस्तकोंसे नमस्कृत हे

जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १४ ॥ सुरासुरशिरो-रत्ननिघृष्टचरणेम्बिके । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १५ ॥ विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि

अंबिके ! मुझको रूप दो, जय दो, यश दो, और मेरे शत्रुओंको नष्ट करो ॥ १५ ॥ और हे देवी ! अपने भक्तको विद्यावान् करो यशवाला करो और लक्ष्मीवाला करो और रूप दो, जय दो, यश दो और शत्रुओं को नष्ट करो

॥ १६ ॥ हे प्रचंड दैत्यों के अभिमान को नष्ट करनेवाली ! हे चण्डिके ! मुझ नम्र हुएको रूप दो, जय दो यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ १७ ॥

। १६ ॥ प्रचण्डदैत्यदर्पघ्ने चंडिके प्रणताय मे । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १७ ॥ चतुर्भुजे चतुर्वक्त्रे संस्तुते परमेश्वरि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥१८॥ कृष्णेन संस्तुते देवि शश्वद्भक्त्या सदाम्बिके । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि

हे चारभुजावाली ! हे ब्रह्मासे स्तुति की हुई हे परमेश्वरि ! मुझको रूप दो जय दो यशदो और मेरे शत्रुओंको नष्ट करो ॥१८॥ हे निरन्तर भक्तिसे सदा कृष्ण से स्तुति की हुई हे अम्बिके ! मुझको रूपदो, जय दो, यशदो और मेरे शत्रुओं

को नष्ट करो ॥१६॥ हिमाचल की पुत्रीके नाथ शिवजीसे स्तुति की हुई हे परमेश्वरि ! मुझको रूप दो यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ २० ॥

॥ १६ ॥ हिमाचलसुतानाथसंस्तुते परमेश्वरि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २०॥ इन्द्राणीपतिसद्भावपूजिते परमेश्वरि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २१ ॥ देवि प्रचण्डदोर्दण्डदैत्यदर्पविनाशिनि । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि

हे इन्द्राणी के पति (इन्द्र) के सद्भाव से पूजित हुई परमेश्वरि ! मुझे रूप दो, जय दो, यश दो और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥२१ ॥ हे देवि ! हे प्रचंडभुज दंडसे दैत्योंके गवको नष्ट करनेवाली ! मुझे रूपदो यशदो और मेरे शत्रुओंको नष्ट करो ॥ २२ ॥ हे देवि ! भक्तजनों के अत्यन्त आनंद को उदय करनेवाली !

हे अम्बिके ! मुझे रूप दो, जय दो यश दो और मेरे शत्रुओंको नष्ट करो ॥२३॥
और हे देवि सुन्दरि ! मनके अनुसार चलनेवाली, कठिन संसार सागर से तारने

॥२२॥ देवि भक्तजनोद्दामदत्तानन्दोदयेऽम्बिके। रूपंदेहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥२३॥ पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्। तारिणीं दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम् ॥२४॥ इदं स्तोत्रं पठित्वा तु महास्तोत्रंपठेन्नरः स तु सप्तशतीसंख्यावरमाप्नोति सम्पदाम् ॥२५॥

इतिमार्कण्डेयपुराणे अर्गलास्तोत्रं समाप्तम् ॥

वाली श्रेष्ठ कुलमें उत्पन्न होनेवाली ऐसी स्त्री मुझे दो ॥ २४॥ जो मनुष्य प्रथम इस स्तोत्रका पाठ करके पश्चात् महास्तोत्र का पाठ करता है वह चंडी सप्तशती संख्याके सम्पत्तिरूप वर को पाताहै ॥ २५ ॥

इति श्रीमार्कण्डेय पुराणे अर्गलास्तोत्र भाषाटीका समाप्ता।

अथ कीलकस्तोत्रम् ।

मार्कण्डेय उवाच ।

विशुद्धज्ञानदेहाय त्रिवेदी दिव्यचक्षुषे ॥ श्रेयः प्राप्तिनिमित्ताय नमः सोमार्धधारिणे ॥ १ ॥ सर्वमेतद्विजानीयान्मन्त्राणामपि कीलकम् ॥ सोऽपि क्षेममवाप्नोति सततं जाप्यतत्परः ॥ २ ॥ सिद्ध्यन्त्युच्चाटना-

मार्कण्डेय ऋषि कहने लगे कि निर्मल ज्ञानरूप शरीर धारणकरने वाले वेद त्रयीरूप तीन नेत्रों को धारण करनेवाले कल्याण की प्राप्तिके कारण अर्धचन्द्र को धारण करनेवाले ऐसे शिवजीको नमस्कार है ॥१॥ जो पुरुषनवार्ण मन्त्रकेकीलकों को जानताहै अ.रजो पुरुष नवार्णमंत्रके जपमें तत्पर रहताहै वहभीकल्याणकोप्राप्त

होता है।२। और इससे उच्चाटन आदि सम्पूर्ण वस्तुएँ भी सिद्ध हो जाती हैं।इसकील कस्तोत्र मात्र करके भी स्तुतिकी हुई देवी सिद्ध होजाती है।३।न तो कोई ऐसामन्त्र है न औषध है न तन्त्र है कि जिसके जप किये बिना सम्पूर्ण उच्चाटनआदि सिद्ध

दीनि वस्तूनि सकलान्यपि। एतेन स्तुवतां देवी स्तोत्रमात्रेण सिद्ध्यति॥ ३ ॥ न मन्त्रो नौषधं तन्त्रं न किंचिदपि विद्यते। विना जाप्येन सिद्ध्येत सर्वमुच्चाटनादिकम्॥४॥ समग्राण्यपि सिद्ध्यन्ति लोकशंकामिमां हरः। कृत्वा निमन्त्रयामास सर्वमेवमिदं शुभम्॥ ५॥

हो जायँ॥ ४॥ सम्पूर्ण ही वस्तुएँ सिद्ध हो जायँगी महादेवजी इस लोकशङ्काको मानकर इस सम्पूर्ण शुभ को अर्थात् मन्त्र तन्त्र आदिको कील दिये॥५॥ इसी

लिये वही महादेवजी चण्डिकास्तोत्रकी यथावत् नियन्त्रणा अर्थात् उत्कीलन से मनुष्य अच्छा पुण्य पाता है ॥६॥ वह सम्पूर्ण क्षेम कल्याणको पाताहै इसमें सन्देह नहीं सावधान हुआ जो मनुष्य कृष्णपक्ष की चतुर्दशीको अथवा अष्टमी

स्तोत्रं वै चण्डिकायास्तु तच्च गुप्तञ्चकार सः । समाप्नोति सुपुण्येन तां यथावन्नियन्त्रणाम् ॥ ६ ॥ सोपि-क्षेममवाप्नोति सर्वमेव न संशयः । कृष्णायां वा चतुर्दश्यामष्टम्यां वा समाहितः ॥ ७ ॥ ददाति प्रतिगृह्णाति नान्यथैषा प्रसिद्ध्यति । इत्थंरूपेण कीलेन महादेवेन

को ॥७॥ प्रथम देता है फिर उससे लेता है उसीसे यह दुर्गा प्रसिद्ध होती है अन्यथा नहीं होती है ॥ ऐसे कीलक से यह स्तोत्र महादेवजीने कीलित किया

T

है इसका अभिप्राय ऐसा जानना कि चतुर्दशी तथा अष्टमी को इसका पठन पाठन करने से ही सिद्धि होती है अन्यथा नहीं ॥८॥ जो मनुष्य इस चण्डीसप्तशती को निष्कील करके इसका सम्पुट नित्य जपता है अर्थात् इसका नित्य पाठ

कीलितम् ॥ ८ ॥ यो निष्कीलां विधायैनां नित्यं जपति संस्फुटम् । स सिद्धः सगणः सोऽपि गन्धर्वो जायते नरः ॥९॥ न चैवाप्यटतस्तस्य भयं क्वापि हि जायते। नापमृत्युवशं याति मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ॥ १० ॥ ज्ञात्वा

करता है वह सिद्ध हो जाता है और विचरते हुए उस पुरुष को कहीं भी भय नहीं होता है और न अपमृत्युके वश में आता है और वह मनुष्य मरके मोक्ष को पाता है ॥९॥१०॥ परन्तु इसकी विधि अच्छी रीतिसे जान करही इसके पाठ का आरंभ करे और विधि न जान कर पाठ करता हुआ नष्ट हो जाता है। इस

लिये पण्डित जन इसको सांगोपांग जानकर पश्चात् पाठकरना आरंभ करें॥११॥ हे देवि ! स्त्रीजनों में जो कुछ सौभाग्य आदि दीख पड़ता है वह सम्पूर्ण आपकी

प्रारभ्य कुर्वीत न कुर्वाणो विनश्यति। ततो ज्ञात्वैव संपन्नमिदं प्रारभ्यते बुधैः ॥११॥ सौभाग्यादि च यत्किंचिद् दृश्यते ललनाजने। तत्सर्वं त्वत्प्रसादेन तेन जाप्यमिदं शुभम् ॥ १२ ॥ शनैस्तु जप्यमानेऽस्मिन्स्तोत्रे संपत्तिरुच्चकैः। भवत्येव समग्रापि ततः प्रारभ्यमेव तत् ॥१३॥

कृपा से ही है इस लिए यह शुभ (मन्त्र) जपना योग्यहै ॥१२॥ औरजोमनुष्य इस स्तोत्रका शनैः २ स्पष्ट पाठ करता है उसको सम्पूर्ण अतुल सम्पत्ति प्राप्त

होती है। इस लिए इसका प्रारंभ करना ही उचित है॥ १३ ॥ जिस भगवती के प्रसाद से ऐश्वर्य, सौभाग्य आरोग्य और संपदाएँ प्राप्त होती हैं तथा शत्रुओंकी हानि और मोक्ष की प्राप्ति होती है उसकी मनुष्य क्यों न स्तुति करें अर्थात्

ऐश्वर्यं यत्प्रसादेन सौभाग्यारोग्यसंपदः । शत्रुहानिः परो मोक्षः स्तूयते सा न किं जनैः ॥ १४ ॥

अवश्य ही स्तुति करेंगे ॥ १४ ॥

इति भगवत्याः कीलकं स्तोत्रं समाप्तम् ॥ ३ ॥

T

ॐ अस्य श्रीनवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः गायत्र्युष्णिगनुष्टप् छन्दांसि श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः ऐंबीजम् ॥ ह्रीं शक्तिः ॥ क्लीं कीलकम् ॥ श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीप्रीत्यर्थं जपे विनियोगः ॥ ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नमः शिरसि ॥ गायत्र्युष्णिगनुष्टुपछन्दोभ्यो नमः मुखे ॥ महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताभ्यो नमः हृदि ॥ ऐं बीजाय नमः गुह्ये ॥ ह्रीं शक्तये नमः पादयोः ॥ क्लीं कीलकाय नमो नाभौ ॥ इति मूलेन करौ संशोध्य ॥ ॐ ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥ ऐं ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः ॐ क्लीं मध्यमाभ्यां नमः ॥ ॐ चामुण्डायै अनामिकाभ्यां नमः ॥ ॐ विच्चे कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥ एवं हृदयादि ॥ ततोक्षरन्यासः ॥ ॐ ऐं नमः शिखायाम् ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनेत्रे ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे ॐ चां नमः दक्षिणकर्णे ॥ ॐ मुं नमः वामकर्णे ॐ डां नमः दक्षिणनासायाम् ॥ ॐ यैं नमः वामनासायाम् ॥ ॐ विं नमः मुखे ॐ च्चें नमः गुह्ये ॥ विन्यस्याष्टवारं मूलेन व्यापकं कुर्यात् ॥ ॐ ऐं प्राच्ये नमः॥

ॐ ऐं आग्नेय्यै नमः ॥ ॐ ह्रीं दक्षिणायै नमः । ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यै नमः ॥ ॐ क्लीं प्रतीच्यै नमः । ॐ क्लीं वायव्यै नमः ॐ चामुण्डायै उदीच्यै नमः ॥ ॐ विच्चे ईशान्यै नमः ॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ऊर्ध्वायै नमः ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे भूम्यै नमः ॥ अथ ध्यानम् ॥ खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघान् शूलं भुशुण्डीं शिरः शंखं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम् ॥ नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवेमहाकालिकां ॥ यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम् ॥१॥ अक्षस्रक्परशु गदेषु कुलिशं पद्मं धनुः कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम् ॥ शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्नाननां सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ॥ २ ॥ घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम् ॥ गौरीदेहसमुद्भवां त्रिनयनामाधारभूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजेच्छुम्भादिदैत्यार्दिनीम् ॥३॥ अष्टोत्तरशतसंख्यया मन्त्रराजं जपेत् ॥ इति नवार्णविधिः ॥

अथ तंत्रोक्तं रात्रिसूक्तम् ।

विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीम् ॥ निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः प्रभुः ॥१॥ब्रह्मोवाच ॥त्वं स्वाहात्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारःस्वरात्मिका॥सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधा मात्रात्मिकास्थिता ॥ २ ॥ अर्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चा र्या विशेषतः। त्वमेव संध्या सावित्री त्वंदेवि जननी परा ॥३॥त्वयैतद्धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् ॥ त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा ॥ ४ ॥ विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने ॥ तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये॥५॥ महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः ॥ महामोहा च भवतीमहादेवी महासुरी ॥ ६ ॥ प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुणत्रयविभाविनी ॥ कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रि श्च दारुणा ॥७॥ त्वं श्रीस्त्वमीश्वरी त्वं ह्रीस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा ॥ लज्जापु- ष्टिस्तथातुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षान्तिरेव च ॥८॥ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा ॥ शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ॥ ९ ॥ सौम्यासौम्य

तराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी ॥ परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ॥१०॥ यच्च किंचित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके ॥ तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा ॥११॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत् ॥सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः॥१२॥विष्णुश्शरीरग्रहणमहमीशान एव च॥कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कःस्तोतुं शक्तिमान्भवेत् ॥१३॥सा त्वमित्थंप्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि संस्तुता ॥ मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ ॥१४॥ प्रबोधं च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु ॥ बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ॥१५॥ इति रात्रिसूक्तम्॥

अथ सप्तशतीन्यासः ।

अथ प्रथममध्यमोत्तमचरित्राणां ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः ॥ श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः । गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्दांसि ॥ नन्दाशाकंभरीभीमाःशक्तयः रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजानि ॥ अग्निवायुसूर्यास्तत्वानि ऋग्यजुःसामवेदाध्यानानि ॥ सकलकामनासिद्धये श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताप्रीत्यर्थं

जपे विनियोगः ॥ तत्रादौ न्यासाः ॥ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा॥ शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डी परिघायुधा ॥ अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके ॥ घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च ॥ तर्जनीभ्यां नमः ॥प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे ॥ भ्रामणेनात्म शूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि ॥ मध्यमाभ्यां नम॥ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते ॥ यानिचात्यर्थघोराणि तैरक्षास्मांस्तथा भुवम् ॥ अनामिकाभ्यां नमः खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके ॥ करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ॥ कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते ॥ भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते । करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥ एवंहृदयादि ॥ खड्गिनी शूलिनी घोरा० हृदयाय नमः ॥ शूलेन पाहिनो देवि० शिरसे स्वाहा ॥ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च० शिखायै वषट ॥ सौम्यानि यानि रूपाणि० कवचाय हुम् । खड्गशूलगदादीनि० नेत्रत्रयाय वौषट ॥ सर्वस्वरूपे सर्वेशे० अस्त्राय फट ॥ इति न्यासः ॥

मार्कण्डेयजी कहते हैं कि हे क्रौष्टुकि ! सावर्णि नाम जो सूर्यके पुत्र अष्टम मनु कहलाते हैं उनकी उत्पत्ति की कथा विस्तारपूर्वक मैं कहता हूँ सुनो ॥ १ ॥

मार्कण्डेय उवाच । सावर्णिःसूर्यतनयो यो मनुः कथ्यतेऽष्टमः । निशामय तदुत्पत्तिं विस्तराद्गदतो मम ॥ १ महामायानुभावेन यथा मन्वन्तराधिपः । स बभूव महाभागः सावर्णिस्तनयो रवेः ॥ २ ॥ स्वारोचिषेऽन्तरे पूर्वञ्चैत्रवंशसमुद्भवः । सुरथो नाम राजाऽभू

अर्थात् जिस प्रकार महामाया के प्रभाव से मन्वन्तर के स्वामी सूर्यके पुत्र सावर्णि हुए उसका हाल सुनो ॥ २ ॥ पहले स्वारोचिष मन्वन्तर में राजा चैत्रके वंशमें

सुरथ पृथ्वीमण्डल के राजा हुए ॥ ३ ॥ वह राजा अपनी प्रजाको पुत्र के सदृश पालन करता था। उसी समय कोलाविध्वंसी नाम के राजा उनके शत्रु होकर उनके राज्य पर चढ़ आये ॥ ४ ॥ तब महाराज सुरथ और उन कोलाविध्वंसी राजाओं में भयंकर युद्ध हुआ। यद्यपि राजा सुरथ सब प्रकार बली थे तब

त्समस्ते क्षितिमंडले ॥ ३ ॥ तस्य पालयतःसम्यक् प्रजाः पुत्रानिवौरसान् । बभूवुः शत्रवो भूपाः कोलाविध्वंसिनस्तदा ॥ ४ ॥ तस्य तैरभवद्युद्धमतिप्रबलदंडिनः

भी इनके शत्रु कोलाविध्वंसी लोगोंने इनका राज्य छीनकर अपने वशमें कर लिया [कोला एक दूसरे स्थान का नाम है जो सुरथकी दूसरी राजधानी थी उसको कई एक राजाओं ने बिगाड़ कर अपने आधीन कर लिया इस कारण से उन

लोगों का नाम कोलाविध्वंसी हुआ] ॥५॥ तब सुरथ हारमानकर वहांसे अपनी राजधानी में लौट आया और अपने देशही भर का राज्य करने लगा। परन्तु

न्यूनैरपि स तैर्युद्धे कोलाविध्वंसिभिर्जितः ॥५॥ ततः स्वपुरमायातो निजदेशाधिपोऽभवत्। आक्रान्तः स महाभागस्तैस्तदा प्रबलारिभिः ॥ ६ ॥ अमात्यैर्बलिभिर्दुष्टैर्दुर्बलस्य दुरात्मभिः। कोशो बलञ्चापहृतन्तत्रापि स्वपुरे ततः ॥ ७ ॥ ततो मृगयाव्याजेन हृतस्वाम्यः स भूपतिः।

वहां भी उन प्रबल शत्रुओंने महाराज सुरथ को घेर लिया ॥ ६ ॥ तब इनके दुष्ट मन्त्री और अधिकारियों ने इनको असमर्थ समझ कर इनकी राज्य सम्पत्ति और सेना सब अपने आधीन कर लिया ॥ ७ ॥ तब महाराज सुरथ लज्जित

होकर शिकार के बहाने घोड़े पर सवार होकर अकेले दुर्गम वनको चला गया ॥ ८ ॥ उस शान्त वनमें पशु, पक्षी, मुनि और उनके शिष्यों से शोभायमान

एकाकी हयमारुह्य जगाम गहनं वनम् ॥ ८ ॥ स तत्रा-श्रममद्राक्षीद् द्विजवर्यस्य मेधसः । प्रशान्तश्वापदाकीर्णं मुनिशिष्योपशोभितम् ॥ ९ ॥ तस्थौ कञ्चित्सकालञ्च मुनिना तेन सत्कृतः । इतश्चेतश्च विचरंस्त स्मिन्मुनि वराश्रमे ॥१०॥ सोऽचिन्तयत्तदा तत्र ममत्वाकृष्टचेतन ।

मेधस नामक द्विजोत्तम के आश्रम को देखा ॥ ९ ॥ और उस आश्रम मे राजा सुरथ जाकर घूमने लगा, मुनिने राजा को देखकर उनका बड़ा सत्कार किया और मुनि के सत्कार करने से राजा कुछ दिन वहाँ ठहर गया ॥ १० ॥

एक दिन राजा माया में फँसकर अपने नगर और प्रजा का स्मरण करके सोचने लगा कि मैं अपने नगर को जो मेरे पुरखों का बसाया हुआ था–छोड़

मत्पूर्वैः पालितम्पूर्वम्मया हीनंपुरं हि तत् । मद्भृत्यैस्तैरसद्वृत्तैर्धर्मतः पाल्यते न वा ॥ ११ ॥ न जाने स प्रधानो मे शूरहस्ती सदा मद । ममवैरिवशं यातःकान्भोगानुपलप्स्यते ॥ १२ ॥ ये ममानुगता नित्यं प्रसादधनभोजनैः । अनुवृत्तिं ध्रुवन्तेऽद्य कुर्वन्त्यन्यमहीभृ-

कर चला आया अब नहीं मालूम कि मेरे पापी नोकर चाकर मेरा प्रजाकापालन न्यायपूर्वक करते हैं या नहीं ॥ ११ ॥ और यह भी नहीं जाना जाता कि मेरे मत्त हाथी की क्या दशा है ॥ १२ ॥ और जो लोग रोज रोज़ मेरे पास रह कर

धन भोजनादि मुझसे पाते थे वे लोग अब अपनी जीविकाके वास्ते दूसरे राजाओं की सेवा करते होंगे या नहीं ॥ १३ ॥ और जिस खजाने को मैंने बड़े परिश्रम

ताम् ॥ १३ ॥ असम्यग्व्ययशीलैस्तैः कुर्वद्भिः सततं व्ययम् । साञ्चतः सोऽगतद्दुःखेन क्षयं कोशो गमिष्यति ॥ १४ ॥ एतच्चान्यच्च सततञ्चिन्तयामास पार्थिवः । तत्र विप्राश्रमाभ्यासे वैश्यमेकं ददर्श सः ॥ १५ ॥ स पृष्टस्तेन कस्त्वं भो हेतुश्चागमनेऽत्र क । सशोक इव कस्मात्त्वं

से जमा किया था उस अर्थराशिको मेरे नौकर चाकर निरर्थक और अनावश्यक कामों में व्यय करके नष्ट करते होंगे ॥ १४ ॥ इन्हीं सब बातों को राजा सोच रहा था कि इतनेमें उसी मुनिके आश्रमके पास राजाने एक बनियाँको देखा ॥ १५ ॥ और

उससे पूछा कि तुम कौन हो और किस लिए आये हो और क्यों उदास हो॥१६॥ प्रेम युक्त राजाकी बात सुनकर वह वैश्य बड़ी नम्रता से राजाको प्रणाम करके

दुर्मना इव लक्ष्यसे ॥ १६ ॥ इत्याकर्ण्य वचस्तस्य भूपतेः प्रणयोदितम् । प्रत्युवाच स तं वैश्यः प्रश्रयावनतो नृपम् ॥ १७ ॥ वैश्य उवाच ॥ समाधिर्नाम वैश्योऽहमुत्पन्नो धनिनां कुले । पुत्रदारैर्निरस्तश्च धनलोभादसाधुभिः ॥ १८ ॥ विहीनश्च धनैर्दारैः पुत्रैरादाय मे

बोला कि ।१७।मेरा नाम समाधि है।मैं जातिका वैश्य धनीका पुत्रहूँ और मेरे दुष्ट स्त्री पुत्रोंने मेरे धन पर लोभ कर मुझको घर से निकाल दिया॥१८॥क्यों कि स्त्री और पुत्र ने मुझे निर्धन करके निकाल दिया है इस कारण मैं दुःखी होकर इस

जङ्गल में चला आया। भाई बन्धुओंने भी मुझे त्याग दिया ॥१६॥ अब मैं तो इस वनमें हूँ और मुझको अपनी स्त्री, पुत्र, भाई, बन्धुओं के कुशल की कुछ

धनम्। वनमभ्यागतो दुःखी निरस्तश्चाप्तबन्धुभिः॥१६॥ सोऽहं न वेद्मि पुत्राणां कुशलाकुशलात्मिकाम्। प्रवृत्तिं स्वजनानाञ्च दाराणाञ्चात्र संस्थितः ॥ २० ॥ किन्नु तेषां गृहे क्षेममक्षेमं किन्नु साम्प्रतम्। कथन्ते किन्नु सद्वृत्ताः दुर्वृत्ताः किन्नु मे सुताः ॥ २१ ॥ राजोवाच ॥

मालूम नहीं है कि ॥ २० ॥ वे लोग अपने घरमें कुशलपूर्वक हैं या नहीं और यह भी नहीं जानता कि मेरे लड़के अच्छा काम करते हैं या नहीं ॥ २१ ॥ समाधि से यह बात सुनकर राजा सुरथ बोला कि तेरी लालची स्त्री और दुष्ट-

T

पुत्रादिकों ने तेरा सब धन लेकर तुझे घर से निकाल दिया तब फिर उन लोगों पर प्रेम क्यों करता है ॥२२॥ वैश्य ने कहा कि हे महाराज ! आपका कहना सब

यैर्निरस्तो भवाँल्लुब्धैः पुत्रदारादिभिर्धनैः । तेषु किं भवतःस्नेहमनुबध्नाति मानसम् ॥ २२ ॥ वैश्य उवाच ॥ एवमेतद्यथा प्राह भवानस्मद्गतं वचः । किंकरोमि न बध्नाति मम निष्ठुरताम्मनः ॥ २३ ॥ यैः सन्त्यज्य पितृस्नेहं धनलुब्धैर्निराकृतः । पतिःस्वजन-

सत्य है परन्तु मैं क्या करूं, मेरा जी इन के विषय में निष्ठुर नहीं होता ॥२३॥ जिस पुत्र ने पिता का प्रेम छोड़कर, स्त्री ने पतिप्रेम छोड़कर और भाइयों ने

भ्रातृप्रेम छोड़कर धनके लोभसे मुझे निकाल दिया मेरा मन उनमेंभी स्नेह करता है ॥२४॥ हे महामते! यह कैसी बातहै कि मैं जानता हुआभी अनजान होरहा हूँ कि जिन भाई बन्धुओं ने शत्रुता की उनमें मेरा मन नाता ढूँढने चला है

हार्दञ्च हार्द्दितेष्वेव मे मनः ॥ २४ ॥ किमेतन्नाभिजानामि जानन्नपि महामते। यत्प्रेमप्रवणञ्चित्तं विगुणेष्वपि बन्धुषु ॥ २५ ॥ तेषाङ्कृते मे निःश्वासो दौर्मनस्यञ्च जायते। करोमि किं यन्न मनस्तेष्वप्रीतिषु

॥ २५ ॥ और उन लोगों के बिना देखे शोच से लम्बी साँसें निकलती हैं और जो में उदासी बनी रहतीहै। हे महाराज! मैं क्या करूं कि जिसमें मेरा चित्त इन

लोगोंको प्रीति छोड़कर निष्ठर हो जाय ॥ २६ ॥ मार्कण्डेय जी कहते हैं कि हे द्विजोत्तम ! इसके बाद वह समाधि वैश्य और सुरथ मेधा ऋषिके पास गये२७ और वहाँ जाकर मुनिको न्यायपूर्वक प्रणाम करके राजा और वैश्य ने बैठ

निष्ठुरम् ॥ २६ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ ततस्तौ सहितौ विप्र तम्मुनिं समुपस्थितौ । समाधिर्नाम वैश्योऽसौ स च पार्थिवसत्तमः ॥२७॥ कृत्वा तु तौ यथान्यायं यथार्हन्तेन संविदम् । उपविष्टौ कथाः काश्चिच्चक्रतुर्वैश्यपार्थिवौ ॥२८॥ राजोवाच ॥ भगवंस्त्वामहं प्रष्टुमिच्छा-

कर कुछ कथावार्त्ता कहना आरम्भ किया ॥२८॥ राजा सुरथने ऋषिसे कहा कि हे भगवन् ! आपसे एक सन्देह की बात पूछता हूँ कि मेरा चित्त मेरे वशमें नहीं

है इस वास्ते मुझको दु:ख होता है ॥ २६ ॥ और वह यह कि मुझे अपना राज्य नष्ट होने पर भी नौकर, चाकर, हाथी, घोड़ा, असबाव, खज़ाना, आदिमें बहुत ममता रहता है यद्यपि मैं जानता हूं कि अब मैं इन सबसे पृथक् हो गया

म्येकं वदस्व तत् । दुःखाय यन्मे मनसः स्वचित्तायत्ततां विना ॥२६॥ ममत्वं गतराज्यस्य राज्याङ्गेष्वखिलेष्वपि। जानतोऽपि यथाज्ञस्य किमेतन्मुनिसत्तम ॥ ३० ॥ अयञ्च निष्कृतः पुत्रैर्दारैर्भृत्यैस्तथोज्झितः । स्वजनेन च

हूँ तो भी अज्ञानी के समान इन सबमें मेरा जी ललचाता है ॥३०॥ और यह जो मेरे साथ वैश्य है इसको भी इसके बेटे, स्त्री और नौकर, भाई तथा बन्धुओंने इसका धन लेकर घरसे निकाल दिया परन्तु इसका चित्त उनकी प्रीति से पृथक्

T

नहीं होता ॥ ३१ ॥ इसी तरह मैं और यह वैश्य दोनों इस बातसे बहुत दुःखी हो रहे हैं कि दोषको देखकर भी उन सबकी ममता हमलोगों के जी से नहीं जाती ॥ ३२ ॥ हे महाभाग ! आप बतलाइये कि किस सबब से हम लोगों को

सन्त्यक्तस्तेषु हार्दी तथाप्यति ॥ ३१ ॥ एवमेष तथाऽहं च द्वावप्यत्यन्तदुःखितौ । दृष्टदोषेऽपि विषये ममत्वाकृष्टमानसौ ॥ ३२ ॥ तत्किमेतन्महाभाग यन्मोहो ज्ञानिनोरपि । ममास्य च भवत्येषा विवेकान्धस्य मूढता ॥ ३३ ॥ ऋषिरुवाच ॥ ज्ञानमस्ति समस्तस्य जन्तोर्विष-

ज्ञान रहते भी मोह है और जान बूझकर अन्धोंकी भाँति मूर्खता है ॥ ३३ ॥ महाराज सुरथका यह प्रश्न सुनकर मेधा ऋषि बोले कि हे महाराज ! संसार के

माया प्रपञ्च समझने में सब किसी को ज्ञान है और यह विषय भी सब किसी का अलग अलग है ॥ ३४ ॥ क्योंकि कितने जानवर दिनमें अन्धे हैं और कितने रात्रि में अन्धे हैं और कितनों को दिन रात बराबर सूझता है और कितनों

यगोचरे। विषयाश्च महाभाग यान्ति चैवं पृथक् पृथक् ॥ ३४ ॥ दिवान्धाः प्राणिनः केचिद्रात्रावन्धास्तथा परे॥ केचिद्दिवा तथा रात्रौ प्राणिनस्तुल्यदृष्टयः ॥ ३५ ॥ ज्ञानिनो मनुजाः सत्यं किन्तु ते न हि केवलम्। यतो हि ज्ञानिनस्सर्वे पशुपक्षिमृगादयः॥ ३६ ॥ ज्ञानञ्च तन्म-

को कुछ नहीं सूझता ॥ ३५ ॥ केवल मनुष्य ही को ज्ञान नहीं किन्तु पशु और पक्षी को भी ज्ञान होता है ॥ ३६ ॥ जो ज्ञान पशु पक्षी को है वह ज्ञान मनुष्य

T

को भी है इस कारण दोनों बराबर हैं ॥ ३७ ॥ देखे ज्ञान रहते भी पक्षी स्वयं भूखसे पीड़ित होकर भी अपना आहार बच्चों को खिला देते हैं ॥ ३८॥ हे महाराज ! मनुष्य लोग भी अपने उपकारकी आशा पर अपने लड़कों को पालते

नुष्याणां यत्तेषां मृगपक्षिणाम् । मनुष्याणाञ्च यत्तेषां तुल्यमन्यत्तथोभयोः ॥ ३७ ॥ ज्ञानेऽपि सति पश्यैतान्पतङ्गाञ्छावचञ्चुषु । कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा ॥३८॥ मानुषा मनुजव्याघ्र साभिलाषाः सुतान्प्रति । लोभात्प्रत्युपकाराय नन्वेतान् किन्न पश्यसि ॥३९॥

हैं । क्या तुम नहीं देखते हो कि सब मनुष्यों को ज्ञान है ॥ ३९ ॥ पर तो भी संसारके पालनेवाले परमेश्वर की जो महामाया है उसके प्रभाव से मनुष्य लोग

घिर कर मोहके कुएँ में गिर पड़ते हैं अथवा गिराये जाते हैं ॥४०॥महामाया के ऐसे प्रभाव में सन्देह न करना चाहिये क्योंकि यह योगनिद्रा महामाया जगत्पति

तथापि ममतावर्त्तै मोहगर्त्तै निपातिताः । महामायाप्रभावेण संसारस्थितिकारिणा ॥ ४० ॥ तन्नात्र विस्मयः कार्यो योगनिद्राजगत्पतेः । महामाया हरेश्चैषा यया संमोह्यते जगत् ॥ ४१ ॥ ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा । बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति ॥ ४२ ॥ तया विसृज्यते विश्वं जगदेतच्चराचरम् ।

श्रीविष्णु भगवान् की है जिनकी माया से जगत् मोहित है ॥ ४१ ॥ और यह महामाया भगवती देवी ज्ञानियोंके चित्तको भी खींचकर मोहमें फँसा देती है॥४२॥

और वही भगवती इस चराचर जगत्को उत्पन्न करती है और वही भगवती प्रसन्न होकर और वरदान देकर मनुष्यों को मुक्ति भी देती है ॥ ४३ ॥ और वह भगवती परम विद्याका स्वरूप और मुक्तिका कारण और सनातनी हैं और वह भग-

सैषा प्रसन्ना वरदा नृणाम्भवति मुक्तये ॥४३॥ सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी। संसारबन्धहेतुश्च सैव सर्वेश्वरेश्वरी ॥ ४४ ॥ राजोवाच ॥ भगवन्का हि सा देवी महामायेति याम्भवान्। ब्रवीति कथमुत्पन्ना सा कर्मास्या

वती संसारके बन्धनका कारण और ईश्वरोंकी ईश्वरी है ॥४४॥ यह सुनकर राजा सुरथ बोले कि हे भगवन्! वह कौन है? जिनको आप महामाया कहते हैं और किस

तरह उनकी उत्पत्ति है और क्या उनका चरित्र है॥४५॥मैं उनका प्रभाव स्वरूप और उत्पत्ति आपसे सुनना चाहता हूं॥४६॥ ऋषि बोलेकि यद्यपि वह भगवती नित्या और जगन्मूर्ति है,यह सम्पूर्ण जगत् उन्हींका बनाया हुआ है तथापि उनकी उत्पत्ति

श्च किं द्विज॥४५॥यत्प्रभावा च सा देवी यत्स्वरूपा यदुद्भ-वा। तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि त्वत्तो ब्रह्मविदांवर॥४६॥ऋषि-रुवाच॥ नित्यैव सा जगन्मूर्तिस्तया सर्वमिदं ततम्। तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयताम्मम ॥ ४७ ॥ देवानां कार्यसिद्ध्यर्थमाविर्भवति सा यदा । उत्पन्नेति तदा

बहुत तरहसे है संक्षेपसे मैं कहताहूँ सुनो॥४७॥जब देवतालोगोंके कार्य्यसिद्ध करनेके

वास्ते लोकमें उत्पन्न होती हैं परन्तु तो भी वे नित्या कहलाती हैं ॥ ४८ ॥ कल्प निद्रा में प्राप्त हुये यानी सोगये ॥ ४९ ॥ तब उनके कानके मैलसे दो असुर

लोके सा नित्याप्यभिधीयते ॥ ४८ ॥ योगनिद्रां यदा विष्णुर्जगत्येकार्णवीकृते । आस्तीर्य शेषमभजत्कल्पान्ते भगवान्प्रभुः ॥ ४९ ॥ तदा द्वावसुरौ घोरौ विख्यातौ मधुकैटभौ । विष्णुकर्णमलोद्भूतौ हन्तुम्ब्रह्माणमुद्यतौ ॥५०॥ स नाभिकमले विष्णोः स्थितो ब्रह्मा प्रजापतिः।

महाघोर मधु और कैटभ नामके उत्पन्न होकर ब्रह्माके मारनेके वास्ते संनद्ध हुये ॥५०॥ तब ब्रह्मा ने जो विष्णु भगवान्के नाभि कमल में स्थित थे उन दोनों उग्र

असुरों को देखा और जनार्दन विष्णु भगवान् को सोया हुआ देखकर ॥५१॥ उनके जगाने के वास्ते विष्णु भगवान् के नेत्रमें जो योगनिद्रा वास किये हुये थी उन्हीं की स्तुति जो लगाकर करने लगे ॥ ५२ ॥ अर्थात् जो भगवती योगनिद्रा

दृष्ट्वा तावसुरौ चोग्रौ प्रसुप्तञ्च जनार्दनम् ॥ ५१ ॥ तुष्टाव योगनिद्रान्तामेकाग्रहृदयस्थितः । विबोधनार्थाय हरेर्हरि नेत्रकृतालयाम् ॥ ५२ ॥ विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीम् । निद्राम्भगवतीं विष्णोरतुलान्तेजसः प्रभुः ॥ ५३ ॥ ब्रह्मोवाच ॥त्वं स्वाहा त्वं

विश्वेश्वरी संसार की स्थिति और संहार करनेवाली और अतुल तेज भगवान् विष्णुको शक्ति है ॥५३॥ ब्रह्माजो बोले हेभगवती ! स्वाहा स्वधा और वषट्कार

T

स्वरूपिणी आपही हैं और स्वरस्वरूपिणी और सुधा आपही हैं और नित्य अक्षरों में तीन तरहसे मात्रास्वरूपिणी होकर आप विराजमान हैं और ॥५४॥ अर्धमात्रारूपिणी होकर आप स्थित रहती हैं और आप नित्या हैं जिनको विशेष

स्वधा त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका । सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधा मात्रात्मिका स्थिता॥५४॥अर्धमात्रा स्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः । त्वमेव सन्ध्या सावित्री त्वं देवि जननी परा ॥५५॥ त्वयैतद्धार्यते सर्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् । त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा

पूर्वक कोई उच्चारण नहीं कर सकता है वे आपही हैं और सावित्री और हे देवि! सबकी परमजननी आपही हैं ॥ ५५ ॥ सब जगत्की धारण सृष्टि और पालन

करनेवाली तथा अन्तमें सबका नाश करनेवालीभी आपही हैं॥५६॥और हे जगन्मये आप संसारकी सृष्टिरूपा और पालनमें स्थितिरूपा और फिर इसीतरह नाशकरनेमें संहाररूपा हैं ॥ ५७ ॥ महाविद्या, महामेधा, महामोहा, भगवती, महादेवी, और

॥ ५६ ॥ विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने। तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये ॥ ५७ ॥ महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः । महामोहा च भवती महादेवी महासुरी ॥ ५८॥ प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुणत्रयविभाविनी । कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च

महासुरी आपही हैं ॥५८॥ फिर सब किसी की त्रिगुणमयी प्रकृति और दारु-

गा अर्थात् भयावनी कालरात्रि, महारात्रि और मोहरात्रि आपही हैं ॥५६॥ तथा श्री और ईश्वरी अर्थात् लज्जा, बीज, बुद्धि, बोध, लज्जा [लाज] और तुष्टि और शान्ति भी आपही हैं ॥ ६० ॥ और खड्गिनी और शूलिनी और घोरा

दारुणा ॥५९॥ त्वं श्रीस्त्वमीश्वरीस्त्वंह्रीस्त्वंबुद्धिर्बोधल-क्षणा। लज्जापुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिःक्षान्तिरेव च॥६० खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा। शंखिनी चापिनी बाणा भुशुण्डी परिघायुधा ॥ ६१॥ सौम्या सौ-

अर्थात् एक हाथ में मुण्ड धारण किये भयङ्करी हो और गदिनी और शङ्खिनी और चापिनी और बाण भुशुण्डी और परिघ ये सब आयुध महाकालीरूप धारण करके दशों भुजाओं में आप रखती हैं ॥ ६१ ॥ और आप सौम्या हैं और सौम्यतरा हैं और सब सौम्यों से अतीव सुन्दरी हैं और सबसे परे और परमा

और परमपरमेश्वरी हैं इससे आप परमेश्वरी कहलाती हैं ॥६२॥ और हे अखिलात्मिके ! जहाँ पर जो कुछ सत् या असत् वस्तु है उनमें जो शक्ति है वह आपही हैं तो फिर आप की स्तुति कहाँ तक की जाय ॥ ३॥ और जिस महा

म्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी । परापराणाम्परमा त्वमेव परमेश्वरी ॥६२॥ यच्च किञ्चित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके । तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा ॥ ६३ ॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत् । सोऽपि निद्रावशन्नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः

माया शक्तिसे विष्णु भगवान् को भी जो कि जगत् की उत्पत्ति पालन और नाश करते हैं इस समय निद्राके वश कराया है तब तुम्हारी स्तुति कौन कर सकता है

T

॥ ६४ ॥ क्योंकि विष्णु और हम और महादेव आपही की आज्ञासे शरीरधारण करते हैं तो आपकी स्तुति करने की किसमें सामर्थ्य है ॥ ६५ ॥ और हे देवि ! इस तरह आप अपनेही उदार भाव से स्तुत होकर हे महामाये ! आप इन

॥ ६४ ॥ विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च । कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान् भवेत् ॥६५॥ सा त्वमित्थम्प्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि संस्तुता । मोहयतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ ॥६६॥ प्रबोधञ्च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु । बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ

दोनों दुराधर्ष मधु कैटभ असुरों को मोहमें प्राप्त कर दीजिये ॥६६॥ और आप शीघ्रही जगत्स्वामी अच्युत भगवान् विष्णु को जगाकर इन महाअसुरों के मारने

के लिये तैयार कीजिये ॥ ६७ ॥ ऋषि कहते हैं कि हे महाराज सुरथ! इस तरह उस समय विष्णु भगवान् के जगाने और मधु कैटभ असुर के मारने के लिये ब्रह्माजी ने जब तामसी महाकाली की स्तुति की ॥ ६८ ॥ तब वह महामाया

महासुरौ ॥ ६७ ॥ ऋषिरुवाच ॥ एवं स्तुता तदा देवी तामसी तत्र वेधसा । विष्णोः प्रबोधनार्थाय निहन्तुं मधु कैटभौ ॥६८॥ नेत्रास्यनासिकाबाहुहृदयेभ्यस्तथोरसः ॥ निर्गम्य दर्शने तस्थौ ब्रह्मणोऽव्यक्तजन्मनः ॥ ६९ ॥ उत्तस्थौ च जगन्नाथस्तया मुक्तो जनार्दनः। एकार्णवेऽहि

विष्णु भगवान् के नेत्र, नासिका, बाहु, हृदय और छाती से निकल कर ब्रह्माजी को दर्शन देने को बाहर खड़ी होगई ॥ ६९ ॥ योगनिद्रा महामाया के बाहर निक-

लने से विष्णु भगवान् शेषशय्या से उठ बैठे और उस एकार्णव में उन दोनों असुरों को देखा कि ॥७०॥ वे दोनों दुरात्मा महाबली पराक्रमी असुर मधु कैटभ क्रोध से आँखें लाल किये हुए ब्रह्माजी को मारने पर तैयार हैं ॥ ७१ ॥ तब

शयनात्ततः स ददृशे च तौ॥७०॥ मधुकैटभौ दुरात्मानावतिवीर्यपराक्रमौ । क्रोधरक्तेक्षणावत्तुं ब्रह्माणं जनितोद्यमौ ॥७१॥ समुत्थाय ततस्ताभ्यां युयुधे भगवान् हरिः पंचवर्षसहस्राणि बाहुप्रहरणो विभुः ॥ ७२ ॥ तावप्यतिबलोन्मत्तौ महामायाविमोहितौ । उक्तवन्तौ वरोऽस्मत्तो

भगवान् विष्णु उन दोनों असुरों के साथ बाहुयुद्ध करने लगे और वह बाहुयुद्ध पाँचहजार वर्ष तक होता रहा ॥७२॥ तब वे मधु कैटभ महामाया की माया से

मोहित होकर केशव भगवान् से बोले कि हम दोनों तुम्हारे इस भयङ्कर युद्ध से बहुत प्रसन्न हुए, अबतुम हमसे वर माँगो ॥७३॥ विष्णु भगवान् ने कहा कि जो तुम दोनों प्रसन्न होकर मुझे वर देना चाहते हो तो मैं यही वरदान चाहता हूँ

व्रियतामिति केशवम् ॥७३॥ भगवानुवाच ॥ भवतामद्य मे तुष्टौ मम वध्यावुभावपि । किमन्येन वरेणात्र एतावद्धि वृतम्मम ॥७४॥ ऋषिरुवाच ॥ वञ्चिताभ्यामिति तदा सर्वमापोमयं जगत् । विलोक्य ताभ्यां गदितो भग-

कि तुम दोनों मेरे हाथसे मारे जाओ ॥ ७४ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं कि हे राजा सुरथ! इस तरह मधु कैटभ विष्णु भगवान् के बहकाने में आकर और सब

जगत् को जलमय देखकर विष्णु भगवान् से बोले कि एवमस्तु, पर जहाँ जल न हो वहाँ पर हमको मारो ॥ ७५ ॥ ऋषि कहते हैं कि इस तरह मधु कैटभ के कहने पर उस शंखचक्रगदाधारी विष्णु भगवान् ने बहुत अच्छा कहकर अपनी

वान्कमलेक्षणः । आवां जहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता ॥ ७५ ॥ ऋषिरुवाच ॥ तथेत्युक्त्वा भगवता शंखचक्रगदाभृता । कृत्वा चक्रेण वै छिन्ने जघने शिरसी तयोः ॥ ७६ ॥ एवमेषा समुत्पन्ना

जाँघ को बिना पानी की जगह समझ कर उसका माथा उसी जँघ पर रखकर सुदर्शन चक्रसे काटडाला । विष्णु भगवान्का शरीर पञ्चतत्वसे नहीं बना है शुद्ध

मायाकृत है ॥ ७६ ॥ इस तरह वह दशभुजावाली महाकाली उत्पन्न नहीं है जिनकी स्तुति ब्रह्माजी ने की है अब फिर उनका प्रभाव मैं कहता हूँ सुनो ॥ ७७ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे मधुकैटभवधो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

ब्रह्मणा संस्तुता स्वयम् । प्रभावमस्या देव्यास्तु भूयः शृणु वदामि ते ॥ ७७ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये मधुकैटभवधो नाम प्रथमोऽध्यायः

ऋषिरुवाच ॥ देवासुरमभूद्युद्धं पूर्णमब्दशतम्पुरा ।

मेधा ऋषि कहते हैं कि हे सुरथ ! पूर्वकाल में जब असुरोंका स्वामी महिषासुर था और देवताओं के स्वामी इन्द्र थे उस समय देवताओं असुरों में

सौ वर्षतक युद्ध हुआ ॥ १ ॥ उस युद्ध में बड़े बड़े बली राक्षसों ने सम्पूर्ण देवताओं को जीत लिया तब महिषासुर आप इन्द्र हुआ ॥ २ ॥ तब देवता लोग पराजित होकर ब्रह्मा के पास गये और फिर ब्रह्माजी को आगे कर

महिषेऽसुराणामधिपे देवानाञ्च पुरन्दरे ॥ १ तत्रासुरैर्महावीर्यैर्देवसैन्यं पराजितम् । जित्वा च सकलान्देवा न्निन्द्रोऽभून्महिषासुरः॥२॥ ततः पराजिता देवाः पद्मयोनिं प्रजापतिम् । पुरस्कृत्य गतास्तत्र यत्रेशगरुडध्वजौ ॥ ३ ॥ यथावृत्तन्तयोस्तद्वन्महिषासुरचेष्टितम् । त्रिदशाः

जहाँ विष्णु भगवान् और महादेवजी थे वहाँ गये ॥ ३॥ और उनसे युद्धका सब वृत्तान्त जिस तरह महिषासुर विजय पाकर इन्द्र हुआ था वह सब देवताओं ने

कह सुनाया ॥४॥ और कहा कि हे भगवन् ! सूर्य, अग्नि, इन्द्र, वायु, चन्द्रमा यम और वरुणादि सब देवताओं का अधिकार महिषासुर आप कर रहा है ॥ ५ ॥ और सब देवताओं को उसने वहाँ से निकाल दिया । अब देवता लोग

कथयामासुर्देवाभिभवविस्तरम् ॥४॥ सूर्येन्द्राग्नन्यनिलेन्दूनां यमस्य वरुणस्य च । अन्येषाञ्चाधिकारान्स स्वयमेवाधितिष्ठति ॥ ५ ॥ स्वर्गान्निराकृताः सर्वे तेन देवगणा भुवि । विचरन्ति यथा मर्त्या महिषेण दुरात्मना ॥ ६ ॥ एतद्वः कथितं सर्वममरारिविचेष्टितम् । शरणञ्च

मनुष्यों की तरह पृथ्वीमें मारे मारे फिरते हैं॥ ६ ॥हे महाराज ! महिषासुरके उत्पात का हाल विस्तारपूर्वक हमने आपको कह सुनाया और हमलोग आपको शरणमें

हैं अब जिसमें वह राक्षस मारा जाय सो कीजिये ॥७॥ देवताओंका यह वचन सुनकर महादेवजी और विष्णु भगवान् का मुँह क्रोध से तमतमा गया ॥ ८ ॥ तत्पश्चात् उसी अवस्था में भगवान् विष्णुके मुखसे एक महातेज निकला फिर

प्रपन्नाः स्मो वधस्तस्य विचिन्त्यताम् ॥ ७ ॥ इत्थं निशम्य देवानां वचांसि मधुसूदनः। चकार कोपं शम्भुश्च भ्रुकुटीकुटिलाननौ ॥ ८ ॥ ततोऽतिकोपपूर्णस्य चक्रिणो वदनात्ततः। निश्चक्राम महत्तेजो ब्रह्मणश्श-

उसी तरह ब्रह्माजी और महादेवजी के मुख से भी निकला ॥९॥ फिर इन्द्रादि जितने देवता वहाँ पर थे उन सबके शरीर से भी जो तेज निकला वह सब इकट्ठा

हो गया ॥१०॥ फिर उस तेजको देवता लोग क्या देखते हैं कि वह तेज जलते हुए पहाड़के समान हो गया और उसकी ज्वालाएँ सम्पूर्ण दिशाओं में छागई

ङ्करस्य च ॥ ९ ॥ अन्येषाञ्चैव देवानां शक्रादीनां शरीरतः । निर्गतं सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत ॥१०॥ अतीव तेजसः कूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम् । ददृशुस्ते सुरास्तत्र ज्वालाव्याप्तदिगन्तरम् ॥ ११ ॥ अतुलन्तत्र तत्तेजः सर्वदेवशरीरजम् । एकस्थं तदभून्नारी व्याप्तं लोकत्रयं त्विषा ॥ १२ ॥ यदभूच्छाम्भवन्तेजस्तेनाजायत

॥ ११ ॥ फिर वही अतुल तेज जो सब देवताओं के अङ्ग से निकला था एक स्त्री का रूप बन गया ॥ १२ ॥ महादेवजी के तेजसे उसने उनका मुख और

यम के तेज से शिरके बाल और विष्णु भगवान् के तेज से उनकी भुजायें हुइ ॥ १३ ॥ और चन्द्रमा के तेजसे दोनों स्तन और इन्द्र के तेजसे शरीरका मध्य भाग हुआ और वरुणके तेज से जाँघ, उरू और पृथ्वीके तेज से नितम्ब

तन्मुखम् । याम्येन चाभवन्केशा बाहवो विष्णु तेजसा ॥ १३ ॥ सौम्येन स्तनयोर्युग्मं मध्यं चैन्द्रेण चाभवत् । वारुणेन च जंघोरू नितम्बस्तेजसा भुवः ॥ १४ ॥ ब्रह्मणस्तेजसा पादौ तदङ्गुल्योऽर्क तेजसा । वसूनाञ्च कराङ्गुल्य कौबेरेण च नासिका

हुआ ॥ १४ ॥ और ब्रह्माके तेजसे दोनों चरण और सूर्यके तेज से चरणों की अँगुलियाँ हुईं और वसुओं के तेजसे दोनों हाथोंकी अगुलियाँ और कुबेर

के तेजसे उनकी नासिका हुई ॥ १५ ॥ और दक्षप्रजापतिके तेजसे सब दाँत और अग्निके तेजसे उनकी तीन आँखें हुईं ॥१६॥ और दोनों संध्याके तेज से उनकी दोनों भ्रुकुटि और वायुके तेजसे दोनों कान हुए, तात्पर्य यह है कि इसी तरह

॥ १५ ॥ तस्यास्तु दन्तास्सम्भूताः प्राजापत्येनतेजसा । नयनत्रितयं जज्ञे तथा पावकतेजसा ॥ १६ ॥ भ्रुवौ च सन्ध्ययोस्तेजः श्रवणावनिलस्य च । अन्येषाञ्चैव देवानां सम्भवस्तेजसां शिवा ॥ १७ ॥ ततस्समस्तदेवानां तेजोराशिसमुद्भवाम् ॥ तां विलोक्य मुदं प्रापुरमरा महि

सब देवताओं के तेजसे वह महालक्ष्मी शिवा प्रगट हुई॥१७॥तत्पश्चात् सबदेवता लोग जो महिषासुर के त्रास से अत्यन्त पीड़ित हो रहे थे उस तेजोराशि से

उत्पन्न महालक्ष्मी को देख कर अति हर्षित हुए ॥ १८ ॥ उस समय महादेवजी ने अपने शूल से एक दूसरा शूल भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्र जी ने अपने चक्र से एक चक्र उत्पन्न करके उनको दिया ॥ १९ ॥ और वरुण ने एक शङ्ख और

षार्हिताः ॥ १८ ॥ शूलं शूलाद्विनिष्कृष्य ददौ तस्यै पिनाकधृक् । चक्रञ्च दत्तवान् कृष्णःसमुत्पाद्य स्वचक्रतः ॥ १९ ॥ शङ्खञ्च वरुणश्शक्तिं ददौ तस्यै हुताशनः । मारुतो दत्तवांश्चापं बाणपूर्णे तथेषुधी ॥ २० ॥ वज्रमिन्द्रस्समुत्पाद्य कुलिशादमराधिपः । ददौ तस्यै

अग्नि ने अपना शक्ति और वायु ने धनुष और तीरों से भरे हुए दो तर्कस उनको दिये ॥ २० ॥ और देवताओं के पति इन्द्र ने वज्र से एक और ऐसा-

वत हाथो से उतार कर घण्टा महालक्ष्मी जी को दिया ॥ २१ ॥ और यमराज ने अपने कालदण्ड से एक दण्ड और वरुण ने फांस और दक्षप्रजापति ने अक्षमाला और ब्रह्माजी ने कमण्डलु दिया ॥ २२ ॥ और सूर्य ने उनके सम्पूर्ण

सहस्राक्षो घण्टामैरावताद् गजात् ॥२१॥ कालदण्डा-द्यमो दण्डं पाशं चाम्बुपतिर्ददौ ॥ प्रजापतिश्चाक्षमालां ददौ ब्रह्मा कमण्डलुम् ॥ २२॥ समस्तरोमकूपेषु निजर-श्मीन् दिवाकरः। कालश्च दत्तवान् खड्गं तस्याश्चर्म च निर्मलम् ॥ २३ ॥ क्षीरोदश्चामलं हारमजरे च तथा-

रोमकूपों में अपनी किरणों को भर दी और कालने खड्ग और एक स्वच्छ ढाल दिया ॥ २३ ॥ और क्षारसमुद्र ने एक बहुत अच्छा हार, दिव्याम्बर और दिव्य

चूड़ामणि अर्थात् शिरके भूषण के वास्ते रत्न दिया और दोनों कानों के कुण्डल और पहुँची ॥ २४ ॥ और अर्धचन्द्रमा के समान स्वच्छ ललाट के भूषण और बाहु में बिजायट और बाजूबन्द और दोनों चरणों में नूपुर और गले

म्बरे। चूडामणिन्तथा दिव्यं कुण्डले कटकानि च ॥२४॥ अर्धचन्द्रन्तथा शुभ्रं केयूरान्सर्वबाहुषु । नूपुरौ विमलौ तद्वद् ग्रैवेयकमनुत्तमम् ॥ २५ ॥ अङ्गुलीयकरत्नानि समस्तास्वङ्गुलीषु च । विश्वकर्मा ददौ तस्यै परशुं चातिनिर्मलम् ॥ २६ ॥ अस्त्राण्यनेकरूपाणि तथा

का उत्तम कण्ठा ॥ २५ ॥ और सब अँगुलियों में जड़ाऊ अँगूठी उनको विश्वकर्मा ने और निर्मल फरसा ॥ २६ ॥ और और भी अनेक भाँति के

अस्त्र शस्त्रादि और अभेद दंशन अर्थात् किसी हथियार से नहीं काटने योग्य बख्तर भी दिये शिर और गले में पहिरने के लिए निर्मल कमल की माला॥२७॥ और हाथ में रखने के लिए अति शोभायमान कमल उनको समुद्र ने दिया और

भेद्यञ्च दंशनम् । अम्लानपंकजां मालां शिरस्युरसि चापराम् ॥ २७॥ अदद्जलधिस्तस्यै पंकजञ्चातिशोभनम् । हिमवान्वाहनं सिंहं रत्नानि विविधानि च ॥२८॥ ददावशून्यं सुरया पानपात्रन्धनाधिपः । शेषश्च सर्वना-

हिमवान् पर्वत ने हर तरह के रत्न और सवारी के लिये सिंह दिया ॥ २८ ॥ और कुबेर ने मद्यसे भरा हुआ पात्र दिया और शेषजी जो सब नागोंके पति हैं

T

और पृथ्वी को शिर पर उठाये हुये हैं। उन्हों ने रत्नजटित ॥ २६ ॥ नागहार दिया फिर वह देवी बहुत हथियारों और भूषणों से संयुक्त ॥ ३० ॥ हो कर

गेशो महामणिविभूषितम् ॥२६॥ नागहारं ददौ तस्यै धत्ते यः पृथ्वीमिमाम्। अन्यैरपि सुरैर्देवी भूषणैरायु-धैस्तथा ॥ ३० ॥ सम्मानिता ननादोच्चैः साट्टहासम्मुहु-र्मुहुः। तस्या नादेन घोरेण कृत्स्नमापूरितं नभः॥३१॥ अमायतातिमहता प्रतिशब्दो महानभूत्। चुक्षुभुः स-

बारम्बार प्रसन्नता से बड़ी गर्जना करके उच्च स्वर से हँसी, उनके गर्जन से सम्पूर्ण लोक दहल गये और उनके महाशब्द से आकाश गूँज गया ॥ ३१ ॥ जिससे

सब लोक में हलचल मच गया और सातों समुद्र कांपने लगे ॥ ३२ ॥ और सारी पृथ्वी हिल गई पर्वत सब कम्पायमान हो गये यह देखकर देवता लोग हर्ष संयुक्त उस सिंहवाहिनी महालक्ष्मी से बोले कि हे देवि ! आप की जय हो ।

कलाः लोकाः समुद्राश्च चकम्पिरे ॥३२॥ चचाल वसुधा चेलुः सकलाश्च महीधराः । जयेति देवाश्च मुदा तामूचुः सिंहवाहिनीम् ॥ ३३ ॥ तुष्टुवुर्मुनयश्चैनाम्भक्तिनम्रा-त्ममूर्तयः । दृष्ट्वा समस्तं संक्षुब्धं त्रैलोक्यममरारयः ३४

हमारे शत्रुओं को भय दीजिए ॥ ३३ ॥ इसी तरह मुनि लोग भी भक्तिपूर्वक देवी को प्रणाम करके उनकी स्तुति करने लगे और यह दशा देखकर तीनों लोकमें जितने राक्षस थे सब व्याकुल हो गए ॥ ३४ ॥ और सब राक्षस लोग अपने २

T

अस्त्र शस्त्र ले लेकर युद्ध करने के लिये उपस्थित हो गये और महिषासुर भी मारे क्रोध के आश्चर्य से घबराकर॥३५॥ सब असुरों को साथ लेकर जिस तरफ

सन्नद्धाखिलसैन्यास्ते समुत्तस्थुरुदायुधाः । आः किमेतदिति क्रोधादाभाष्य महिषासुरः ॥ ३५ ॥ अभ्यधावत तं शब्दमशेषैर सुरैर्वृतः । स ददर्श ततो देवीं व्याप्तलोकत्रयान्त्विषा ॥ ३६ ॥ पादाक्रान्त्या नतभुवं किरीटोल्लिखिताम्बराम् । क्षोभिताशेषपातालाम् धनु

से गर्जने की आवाज आती थी, दौड़ा और वहाँ जाकर महालक्ष्मी को देखा कि उनकी ज्योति सम्पूर्ण लोकोंमें फैल रही है।॥२६॥ और उनके चलनेसे पृथ्वी झुक

गई है और उनके शिरके किरीट से सम्पूर्ण आकाश प्रकाशमान हो रहाहैं और उनके धनुष के खींचने को आवाज से सम्पूर्ण लोक और पाताल तक डोल रहे हैं॥३७॥

ज्यानिःस्वनेन ताम् ॥ ३७ ॥ दिशो भुजसहस्रेण सम-न्ताद्व्याप्य संस्थिताम् । ततः प्रववृते युद्धं तया देव्या सुरद्विषाम् ॥ ३८ ॥ शस्त्रास्त्रैर्बहुधामुक्तैरादीपित-दिगन्तरम् । महिषासुरसेनानीश्चिक्षुराख्यो महासुरः

और भगवती अपने हजारों भुजाओं से सब दिशाओं को व्याप्त करके विराज मान हो रही हैं ऐसा रूप उनका देखकर राक्षस लोग उनसे युद्ध करने लगे ॥३८॥ उस युद्धमें सब तरह के हथियार चलनेकी चमक से सब दिशायें प्रकाश

मान होरहो थो। उस समय महिषासुर के सेनापति चित्तुरनाम महाअसुरने भग वती से भयंकर युद्ध किया॥ ३९॥ और चामर नाम असुर भी बहुत से शूर वीर राक्षसों की चतुरङ्गिणी सेना साथ लेकर बहुत लड़ा और उदग्र नाम असुर

॥ ३९ ॥ युयुधे चामरश्चान्यैश्चतुरङ्गबलान्वितः। रथानामयुतैः षड्भिरुदग्राख्यो महासुरः ॥ ४० ॥ अयुध्यतायुतानाञ्च सहस्रेण महाहनुः। पञ्चाशद्भिश्च नियुतैरसिलोमा महासुरः ॥ ४१ ॥ अयुतानां शतैः

साठ हजार रथ अपने साथ लेकर युद्ध करने के लिए आया॥४०॥ और महाहनु नामक असुर करोड़ सेना लेकर देवीके साथ लड़ा और असिलोमा नाम महा असुरने पांच करोड़ सेना लेकर युद्ध किया॥४१॥ और बाष्कल नाम असुर साठ

लाख असुर सेना लेकर रणमें आया और युद्ध किया और विडाल नाम असुर कितनेहीं हजार हाथीं और घोड़े ॥४२॥ और एक करोड़ रथ साथ लेकर आया

षड्भिर्वाष्कलो युयुधे रणे । गजवाजिसहस्रौघैरनेकैः परिवारितः ॥४२॥ वृतो रथानां कोट्या च युद्धे तस्मिन्नयुध्यत । बिडालाख्योऽयुतानाञ्च पञ्चाशद्भिरथायुतैः ॥ ४३ ॥ युयुधे संयुगे तत्र रथानां परिवारितः । अन्ये च तत्रायुतशो रथनागहयैर्वृतः ॥ ४४ ॥ युयुधुस्सं

और युद्ध किया, निदान जब सब सेना उसकी समाप्त हो गई तो फिर पांच लाख रथ अपने साथ लेकर ॥ ४३ ॥ उस संग्राम में आया और युद्ध किया और भी उस युद्ध में दश २ हजार रथ हाथी और घोड़े साथ में लिये हुए ॥४४॥ कितने

T

असुरों ने देवी से युद्ध किया तदनन्तर कई करोड़ सहस्र रथ और हाथी ॥४५॥ और घोडे साथ लेकर उस रणमें महिषासुर आया और तोमर और भिन्दिपाल

युगे देव्या सह तत्र महासुराः । कोटिकोटिसहस्रैस्तु रथानां दन्तिनां तथा ॥ ४५ ॥ हयानाञ्च वृतोयुद्धे तत्राभून्महिषासुरः । तोमरैर्भिन्दिपालैश्च शक्तिभिर्मु-सलैस्तथा ॥ ४६ ॥ युयुधुस्संयुगे देव्याः खड्गैः परशु-पट्टिशैः । केचिच्च चिक्षिपुः शक्तीः केचित्पाशांस्तथा-

और शक्ति और मुशल ॥ ४६ ॥ और खड्ग और फरसा और किरच इत्यादि हथियारों से भगवती के साथ लड़ने लगा अर्थात् कोई असुर तो शक्ति और कोई

फरसा इत्यादि चलाता था ॥ ४७ ॥ और भो नामी असुर लोग देवी के ऊपरं खडग इत्यादि चलाते थे परन्तु उस चण्डिका देवीने असुरों के हथियारोंको॥४८॥

परे ॥ ४७ ॥ देवीं खड्गप्रहारैस्तु ते तां हन्तुं प्रचक्रमुः । सापि देवी ततस्तानि शस्त्राण्यस्त्राणि चण्डिका ॥ ४८ ॥ लीलयैव प्रचिच्छेद निजशस्त्रास्त्रवर्षिणी । अनायस्तानना देवी स्तूयमाना सुरर्षिभिः ॥ ४९ ॥ मुमोचासुरदेहेषु शस्त्राण्यस्त्राणि चेश्वरी । सोपि क्रुद्धो धुत-

वेपरवाही के साथ खे । की तरह अपने हथियारों से काटकर खण्ड खण्ड कर डाला । तब देवता और ऋषि लोग आकर देवी जी को स्तुति करने लगे ॥४९॥ और देवी उन असुरों के अस्त्र शस्त्रको काटकर उन लोगोंके ऊपर अपने हथिया-

रों का वार करने लगे और उनका वाहन सिंह भी क्रोध से ॥५०॥ जिस तरह अग्नि चारों तरफ़ फैलकर जंगल को जलाकर क्षार कर देता है उसी तरह असु

सटो देव्या वाहनकेसरी ॥५०॥ चचारासुरसैन्येषु वनेष्विव हुताशनः। निःश्वासान्मुमुचे यांश्च युध्यमाना रणेऽम्बिका ॥ ५१ ॥ त एव सद्यस्संभूताः गणाः शतसहस्रशः। युयुधुस्ते परशुभिर्भिन्दिपालासिपट्टिशैः ॥ ५२ ॥ नाशयन्तोऽसुरगणान्देवी शक्त्युपबृंहिताः। अवादयन्त

रोंकी सेना में वह सिंह विचरने लगा और असुरों को मार मार कर गिराने लगा और उस समय अम्बिका देवीकी स्वाँस से ॥ ५१ ॥ लाखों गण उत्पन्न हुए और वे लोग ॥ ५२ ॥ असुरों को मारने लगे देवी के प्रभाव से प्रसन्न हो कर सब

देवता लोग खुशी का नगाड़ा बजाने लगे कोई शंख और कोई ॥ ५३ ॥ उस रणके महोत्सव में मृदंग बजाते थे फरसा, भिन्दिपाल और तलवार, तेगा

पटहान् गणाः शंखांस्तथापरे ॥ ५३ ॥ मृदङ्गाश्च तथैवान्ये तस्मिन्युद्धमहोत्सवे । ततो देवी त्रिशूलेन गदया शक्तिवृष्टिभिः ॥ ५४ ॥ खड्गादिभिश्च शतशो निजघान महासुरान् पातयामास चैवान्यान् घण्टास्वनविमोहितान् ॥ ५५॥ असुरान्भुवि पाशेन बद्ध्वा चा-

किंच इत्यादि से असुरोंके साथ युद्ध करने लगे तब देवीने त्रिशूल और गदा और बाणोंकी वृष्टि से ॥ ५४ ॥ और खड्ग इत्यादि से लाखों असुरों को मार डाला और कितनों को घण्टे के शब्द से मोहित कर गिरा दिया ॥ ५५ ॥ और

कितनों को पाश में बाँधकर खड्ग से काट डाला ॥ ५६ ॥ और असुरों को गदा से मार डाला और कितनों को उस गदा की मार से मार डाला और

न्यानकर्षयत्। केचिद्द्विधा कृतास्तीक्ष्णैः खड्गपातै-स्तथापरे ॥५६॥ विपोथिता निपातेन गदया भुवि शेरते। वेमुश्च केचिद्रुधिरम्मुशलेन भृशं हताः ॥ ५७ ॥ केचिन्निपतिता भूमौ भिन्नाश्शूलेन वक्षसि। निरन्तरा

कितने उस गदा की मार से पृथ्वी पर अचेत हो पड़े थे और कितने बारम्बार मुशलकी मार से रक्त वमन करते थे ॥५७॥ और कितने छाती में शूलके घाव लगने से और कितने बाणों के घाव लगने से उस रण के मध्य में मरे

पड़े थे ॥५८॥ और जो असुर लोग उस रण में सेनाके आगे चलते थे, वेलोग कितने तो बाणों के लगने से मर गये, और कितनों की भुजा कट गई और

शरौघेण कृताःकेचिद्रणाजिरे ॥ ५८ ॥ सेनानुकारिणः प्राणान्मुमुचुस्त्रिदशार्दनाः । केषाञ्चिद्बाहवश्छिन्नाश्छिन्नग्रीवास्तथापरे ॥५९॥ शिरांसि पेतुरन्येषामन्ये मध्येविदारिताः । विच्छिन्नजङ्घास्त्वपरे पेतुरुर्व्याम्महासुराः ॥ ६० ॥ एकबाह्वक्षिचरणाःकेचिद्देव्या द्विधा कृताः ।

कितने का गला कट गया ॥ ५९ ॥ और कितनों का शिर कट कर गिर पड़ा, और कितने राक्षस लोग आधे धड़ से कट कर मर गये, और कितने जाँघ कट जाने से पृथ्वी पर गिर पड़े थे ॥ ६० ॥ और किसी की एक ही बाँह कट कर

गिरी पड़ी थी, और किसी की आँख ही फूट गई थी और किसी का एकही पाँव कट गया था, और किसीको देवीने काट कर आधा कर दिया था, और कितने शिर

छिन्नेऽपि चान्ये शिरसि पतिताः पुनरुत्थिताः ॥ ६१ ॥ कबन्धा युयुधुर्देव्या गृहीतपरमायुधाः । ननृतुश्चापरे तत्र युद्धे तूर्यलयाश्रिताः ॥ ६२ ॥ कबन्धाश्छिन्नशिरसः खड्गशक्त्यृष्टिपाणयः । तिष्ठ

कट जाने पर भी गिरकर ॥ ६१ ॥ कबन्धसे हथियार लेकर देवीसे युद्ध करतेथे और उस युद्ध तूर्य (तुरही) कोई बाजे के स्वरको लयका आश्रयण कर नृत्य करतेथे ॥ ६२ ॥ और कितने असुरों के शिर तो कट गये थे परन्तु कबन्ध और खड्ग और

शक्ति, ऋष्टि (जिसके दोनों तरफ धार होती है) हाथ में लिए हुए तिष्ठ तिष्ठ कहते हुए भगवती से युद्ध करते थे ॥ ६३ ॥ जिस स्थान पर युद्ध हुआ था

तिष्ठेति भाषन्तो देवीमन्ये महासुराः ॥ ६३ ॥ पातितै-रथनागाश्वैरसुरैश्च वसुन्धरा । अगम्या साभवत्तत्र यत्राभूत्स महारणः॥६४॥ शोणितौघा महानद्यस्सद्यस्तत्र विसुस्रुवुः । मध्ये चासुरसैन्यस्य वारणासुरवाजिनाम्

वह स्थान हाथी, घोड़ों, रथ और कटे हुए शिरों से भरा हुआ था ॥६४॥ हाथी और घोड़ों और असुरों के रुधिर से उस स्थान पर कई नदियां

वह निकलीं ॥ ६५ ॥ और जिस तरह सूखे तृण और काठ के ढेर को अग्नि बहुत जल्द जला देती है उस तरह अम्बिका देवी ने असुरों की सेना को एक क्षणमात्र में नाश कर डाला ॥ ६६ ॥ और जब वह

॥ ६५ ॥ क्षणेन तन्महासैन्यमसुराणां तथाम्बिका । निन्ये क्षयं यथा वह्निस्तृणदारुमहाचयम् ॥ ६६ ॥ स च सिंहो महानादमुत्सृजन्धुतकेशरः । शरीरेभ्योऽमरारीणामसूनिव विचिन्वति ॥ ६७ ॥ देव्या गणैश्च

सिंह देवी का वाहन शिर उठाकर गर्जता तो ऐसा जान पड़ता कि मानों उसकी गर्जना ने असुरों का प्राण निकाल लिया ॥ ६७ ॥ और देवी के गण

लोग जो असुरों से युद्ध करते थे उन के ऊपर देवता लोग प्रसन्न होकर पुष्प वृष्टि करते थे ॥ ६८ ॥

तैस्तत्र कृतं युद्धन्तथासुरैः । यथैषान्तुष्टुवुर्देवाः पुष्पवृष्टि-मुचो दिवि ॥ ६८ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवी-माहात्म्ये महिषासुरसैन्यवधो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये महिषासुर-सैन्यवधो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

मेधा ऋषि बोले कि हे महाराज सुरथ ! महिषासुर के सेनापति चिक्षुर नामक असुरने जब सेना को नाश होते हुए देखा तब बड़े क्रोध से वह अम्बिका

ऋषिरुवाच । निहन्यमानं तत्सैन्यमवलोक्य महासुरः। सेनानीश्चिक्षुरःकोपाद्ययौ योद्धुमथाम्बिकाम् ॥१॥ स देवीं शरवर्षेण ववर्ष समरेऽसुरः । यथा मेरुगिरेः शृङ्गं तोयवर्षेण तोयदः ॥ २ ॥ तस्य छित्त्वा ततो देवी लीलयैव शरोत्करान् । जघान तुरगान्बाणैर्यन्ता-

देवी के सामने युद्ध करने को आया ॥ १ ॥ और जैसे बादल मेरु पर्वत के ऊपर जल बर्षाता है वैसे ही वह असुर देवी के ऊपर अपने बाणों की वृष्टि करने लगा ॥ २ ॥ परन्तु देवी ने अपने बाणों से उसके बाणों को खेल की

तरह काट डाला और उस घोड़े को भी कोचवान् सहित मार डाला ॥ ३ ॥ और उसके धनुष और रथ की ध्वजा को भी काट डाला, और फिर अपने बाणों से उसके सारे शरीर को छेद डाला ॥ ४ ॥ परन्तु वह असुर धनुष,

रञ्चैव वाजिनाम् ॥ ३ ॥ चिच्छेद च धनुस्सद्यो ध्वजं चातिसमुच्छ्रितम् । विव्याध चैव गात्रेषु छिन्नधन्वानमाशुगैः ॥ ४ ॥ सच्छिन्नधन्वा विरथो हताश्वो हतसारथिः । अभ्यधावत तां देवीं खड्गचर्म्मधरोऽसुरः ॥ ५ ॥ सिंहमाहत्य खड्गेन तीक्ष्णधारेण मूर्धनि ।

रथ, घोड़ा और सारथी के कट जाने पर भी तलवार लेकर देवी के सामने दौड़ा ॥ ५ ॥ और तीक्ष्ण खड्ग सिंह के शिर पर मार कर जल्दी से एक बार देवी को

बाँई भुजापर वार किया॥६॥ऋषि कहते हैं कि हे सुरथ! उसका वह खड्ग देवीकी भुजापर पड़ने से टुकड़े टुकड़े होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा तब असुर ने क्रोध से लाल नेत्र करके शूलको उठा लिया ॥ ७ ॥ और देवी पर चलाया तब वह शूल

आजघान भुजे सव्ये देवीमप्यतिवेगवान् ॥ ६ ॥ तस्याः खड्गो भुजम्प्राप्य पफाल नृपनन्दन। ततो जग्राह शूलं स कोपादरुणलोचनः ॥ ७ ॥ चिक्षेप च ततस्तत्तु भद्रकाल्याम्महासुरः । जाज्वल्यमानन्तेजोभी रविबिम्बमिवाम्बरात ॥८॥ दृष्ट्वा तदापतच्छूलं देवी शूल

आकाश में जाकर फिर वहां से सूर्य के समान चारों दिशाओं को प्रकाशमान करता हुआ भद्रकाली के ऊपर चला ॥८॥ तब भगवती ने उस शूल को अपनी

तरफ आते हुए देखकर अपने अपने शूल से उस शूल के सैकड़ों टुकड़े कर डाले और उस असुर को भी मार डाला ॥ ६ ॥ उस सेनापति के मरने के बाद चामर नाम असुर हाथी पर सवार होकर देवी से युद्ध करने के वास्ते सम्मुख

मम्मुञ्चत । तच्छूलं शतधा तेन नीतं स च महासुरः ॥९॥ हते तस्मिन्महावीर्ये महिषस्य चमूपतौ । आजगाम गजारूढश्चामरस्त्रिदशार्दनः ॥ १० ॥ सोपि शक्तिं मुमोचाथ देव्यास्तामम्बिकाद्रुतम् । हुंकाराभिहता-म्भूमौ पातयामास निष्प्रभाम् ॥ ११ ॥ भग्नां शक्तिन्नि

आया ॥१०॥ और देवी के ऊपर शक्ति चलाई तब देवी ने उस शक्तिके तेजको भी उसी समय अपने शब्द से हरण करके पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ ११ ॥ तब

चामर ने अपनी शक्ति को गिरी हुई देख कर क्रोध करके देवी पर शूल चलाया परन्तु देवी ने उसको भी अपने बाणों से काट डाला ॥ १२ ॥ और जो सिंह देवी का वाहन था वह कूद कर हाथी के मस्तक पर

पतितान् दृष्ट्वा क्रोधसमन्वितः । चिक्षेप चामरश्शूल-म्बाणैस्तदपि साच्छिनत् ॥ १२ ॥ ततः सिंहः समुत्पत्य गजकुम्भान्तरेस्थितः । बाहुयुद्धेन युयुधे तेनोच्चैस्त्रिद-शारिणा ॥ १३ ॥ युद्ध्यमानौ ततस्तौ तु तस्मान्नागा-न्महीङ्गतौ । युयुधातेति संरब्धौ प्रहारैरतिदारुणैः ॥ १४ ॥

जिस अनुसार सवार था चढ़ गया और वहीं पर असुर से बाहुयुद्ध करने लगा ॥ १३ ॥ अन्त को वह असुर और सिंह दोनों लड़ते हुए पृथ्वी पर आये और गदा इत्यादि हथियार ले ले कर अत्यन्त दारुण युद्ध करने लगे ॥ १४ ॥

उस समय सिंहने कूद कर और सामने जाकर एक ऐसा तमाचा मारा कि उस असुरका शिर धड़से अलग हो आया ॥१५॥ तत्पश्चात् उदग्रनाम राक्षसने युद्ध किया उसको देवी ने शिला और वृक्ष इत्यादि लेकर ऐसा मारा कि वह भी मर

ततो वेगात्खमुत्पत्य निपत्य च मृगारिणा । करप्रहारेण शिरश्चामरस्य पृथक्कृतम् ॥ १५ ॥ उदग्रश्चरणे देव्या शिलावृक्षादिभिर्हतः । दन्तमुष्टितलैश्चैव करालश्च निपातितः ॥१६॥ देवीक्रुद्धा गदापातैश्चूर्णयामास चोद्धतम् ।

गया । तब कराल नाम असुर आया उसको भी देवी ने दाँत और मुष्टि और चपेटों से मार डाला ॥ १६ ॥ इसके उपरान्त उद्धत नाम असुर को गदासे मारा तब बाष्कल नाम असुर आया उसे भिन्दिपाल से मार डाला, फिर ताम्र और

अन्धक नामके असुर आये उनको भी बाणों से देवीने मार डाला, ॥१७॥ फिर उग्रास्य और उग्रवीर्य्य और महाहनु नाम असुरों को भी त्रिनेत्रा परमेश्वरी ने त्रिशूल से मार डाला ॥ १८ ॥ इसके बाद बिडाल नामक राक्षस आया उसका

व कलम्भिनन्दिपालेन बाणैस्ताम्रन्तथान्धकम् ॥ १७ ॥ उग्रास्यमुग्रवीर्यं च तथैव च महाहनुम् । त्रिनेत्रा च त्रिशूलेन जघान परमेश्वरी ॥ १८ ॥ बिडालस्यासिना कायात् पातयामास वै शिरः । दुर्द्धरन्दुर्मुखञ्चोभौ शरैर्निन्ये यमक्षयम् ॥ १९ ॥ एवं संक्षीयमाणे तु स्वसैन्ये म-

शिर भी देवी ने खड्ग से काटकर गिरा दिया अनन्तर दुर्द्धर और दुर्मुख नाम असुरों को बाणों से मार कर यमलोक भेज दिया ॥ १९ ॥ जब इस प्रकार से

महिषासुर की सेना नाश हो गई तब महिषासुर ने स्वयं महिष रूप धारण करके भगवती के गणों को मार कर व्याकुल कर दिया ॥ २० ॥ कितनों को तो तुण्ड अर्थात् थूथुन के प्रहार से और कितनों को टाप फेंक कर और कितनों को पूँछ

हिषासुरः । माहिषेण स्वरूपेण त्रासयामास तान्गणान् ॥२०॥ कांश्चित्तुण्ड प्रहारेण खुरक्षेपैस्तथापरान् लांगूलताडितांश्चन्याञ्छृङ्गाभ्यांश्च विदारितान् ॥ २१ ॥ वेगेन कांश्चिदपरान्नादेन भ्रमणेन च । निश्वासपवनेनान्यान् पातयामास भूतले ॥ २३ ॥ निपात्य प्रथमानीक-

की मार से और कितनोंको सींगों से फाड़ कर मार डाला ॥२१॥ और कितनों को अपने शीघ्रगामी बेग से और कितनों को अपने शब्द से और कितनों को भ्रमण से और कितनों को श्वास के बेग से पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ २२ ॥

इस तरह पहिले गणों को सेना को पृथ्वी पर गिरा दिया फिर अम्बिका देवी के सिंह को मारने के लिये वह महिषासुर दौड़ा तब तो अम्बिका देवी को अत्यन्त क्रोध उत्पन्न हुआ ॥ २३ ॥ और वह महापराक्रमी महिषासुर भी कोप करके

मभ्यधावत सोऽसुरः । सिंहं हन्तुम्महादेव्याः कोपञ्चक्रे ततोऽम्बिका ॥ २३ ॥ सोपि कोपान्महावीर्यः खुरक्षुण्ण-महीतलः । शृङ्गाभ्याम्पर्वतानुच्चांश्चिक्षेप च ननाद च ॥ २४ ॥ वेगभ्रमणविक्षुण्णा मही तस्य व्यशीर्यत ।

अपने खुरों से पृथ्वी को खोदता हुआ और सींगों से बड़े बड़े ऊँचे पर्वतों को उखाड़ कर फेंकता हुआ गर्जा ॥ २४ ॥ और उसके पैंतरे की धमक से पृथ्वी फट गई और उसके पूँछके हिलाने से समुद्र उबल कर सब लोक को डुबाने

लगा ॥ २५ ॥ और उसके सींग के हिलने से घन अर्थात् बादल फट गया और उसके श्वास की प्रबल पवन चलने से सम्पूर्ण पर्वत उखड़ २ कर पृथ्वी के ऊपर

लांगूलेनाहतश्चाब्धिः प्लावयामास सर्वतः ॥ २५ ॥ धुत शृंगविभिन्नाश्च खंडं खंडं ययुघनाः । श्वासानिलास्ताः शतशो निपेतुर्नभसो चलाः ॥ २६ ॥ इति क्रोधसमाध्मातमापतन्तं महासुरम् । दृष्ट्वा सा चंडिका कोपन्तद्वधाय तदाकरोत् ॥ २७ ॥ सा क्षिप्त्वा तस्य वै पाशं तं बबन्ध महासुरम् । तत्याज माहिषं रूपं सोपि बद्धो

गिर पड़े ॥ २६ ॥ इस प्रकार क्रोध संयुक्त अग्निवत् महिषासुर को आते हुये देखकर चण्डिका देवी को अत्यन्त कोप उत्पन्न हुआ ॥ २७ ॥ तब देवी ने पाश

[फाँसी] फेंक कर उस असुर को बाँध लिया तब उस असुर ने अपना महिष रूप छोड़ दिया ॥ २८ ॥ और शीघ्र ही सिंहका रूप धारण कर लिया तो अम्बिका देवी उसको मारनें का यत्न करने लगी तब वह पुरुष रूप होकर खड्ग हाथ

महामृधे ॥ २८ ॥ ततः सिंहोऽभवत्सद्यो यावत्तस्याम्बिका शिरः। छिनत्ति तावत्पुरुषःखड्गपाणिरदृश्यत ॥ २९ ॥ तत एवाशु पुरुषं देवी चिच्छेद सायकैः। तं खड्गचर्मणा सार्द्धं ततस्सोऽभून्महागजः ॥ ३० ॥ करेण च महा

में लेकर सन्मुख हुआ देवी यह देखकर ॥ २९ ॥ शीघ्रही ढाल तलवार के साथ उस पुरुषरूपी महिषासुर को अपने बाणों से मारने लगी तब उसने उस रूपको भी छोड़कर हाथी का रूप धारण कर लिया ॥ ३० ॥ और सूँड़ से देवी के

वाहन अर्थात् सिंह को खैंच लिया और गर्जा तब देवी ने अपने खड्गसे उसके सूँड़को काट डाला ॥ ३१ ॥ फिर उस असुर ने पहिले की तरह महिष रूप

सिंहं तं चकर्ष जगर्ज च । कर्षतस्तु करं देवी खड्गेन निरकृन्तत ॥ ३१ ॥ ततो महासुरो भूयो माहिषं वपुरास्थितः । तथैव क्षोभयामास त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ ३२ ॥ ततः क्रुद्धा जगन्माता चंडिका पानमुत्तमम् । पपौ पुनः पुनश्चैव जहासारुणलोचना ॥ ३३ ॥ ननर्द चा-

धारण कर लिया जिससे तीनों लोकके चराचर जीव भय भीत हो गये ॥ ३२ ॥ और वह जगन्मता चण्डिका देवी बारम्बार मदिरा पान करने लगी उस मदिरा पान से आँखें लाल हो गईं और जोर से हँसने लगी ॥ ३३ ॥ इधर वह असुर

भी अपने बलके घमराड से गर्जने लगा और सींगों से पहाड़ों को उठा उठा कर देवी के ऊपर फेंकने लगा ॥ ३४ ॥ पर चण्डिका ने उसके फेंके हुए पहाड़ों को अपने बाणों से चूर्ण कर डाला और शराब के नशे में मुँह लाल किये हुए

सुरः सोपि बलवीर्यमदोद्धतः । विषाणाभ्यां च चिक्षेप चंडिकां प्रति भूधरान् ॥ ३४ ॥ सा च तान् प्रहितांस्तेन चूर्णयन्ती शरोत्करः । उवाच तं मदोधूतं मुखरागाकुलाक्षरम् ॥ ३५ ॥ देव्युवाच ॥ गर्ज गर्ज क्षणं मूढ़ मधु यावत् पिवाम्यहम् । मया त्वयि हतेऽत्रैव गर्जिष्यन्त्याशु

महिषासुर से कहने लगी कि ॥ ३५ ॥ हे मूढ़ ! क्षणमात्र और तू गर्ज ले जब तक मैं मदिरा पान करती हूँ तदनन्तर इसी स्थान पर तुझे मारूँगी और तेरे

मारे जाने पर तुरन्तही देवता लोग गर्जेंगे ॥ ३६ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं कि हे सुरथ ! देवी इस तरह कह कर शीघ्रही उस महिषासुर के ऊपर कूद कर चढ़ गई और पाँव से दबा कर उसके कण्ठ में एक शूल मारा ॥३७॥ तब महिषासुर ने

देवताः ॥३६॥ ऋषिरुवाच ॥ एवमुक्त्वा समुत्पत्य सारूढा तं महासुरम् । पादेनाक्रम्य कण्ठे च शूलेनैनमताडयत् ॥ ३७ ॥ ततः सोपि पदाक्रान्तस्तया निजमुखात्ततः । अर्धनिष्क्रान्त एवासीद्देव्या वीर्येण संवृतः॥३८॥

भगवती के पाँव तले दबा हुआ शूल लगने पर अपना महिष स्वरूप को छोड़ कर पुरुष रूप धारण कर ढाल तलवार लिये हुये मुख की ओर से निकलना चाहा, परन्तु देवीके अति पराक्रम से आधा शरीर निकला, समूचा निकलने न पाया ॥ ३८ ॥ उसी आधेही शरीर से वह महासुर युद्ध करने लगा तब उस

भगवती देवी ने एक बड़ी तलवार लेकर उसका शिर काट कर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ ३९ ॥ महिषासुर के वध होने पर बाकी जो दैत्यों की सेना थी वह सब

अर्धनिष्क्रान्त एवासौ युध्यमानो महासुरः । तया महासिना देव्या शिरश्छित्वा निपातितः ॥३९॥ ततो हाहाकृतं सर्वं दैत्यसैन्यन्ननाश तत् । प्रहर्षञ्च परं जग्मुस्सकला देवता गणाः ॥४०॥ तुष्टुवुस्तां सुरा देवीं सह दि-

हाहाकार करती हुई समर से भाग गई यह देखकर सम्पूर्ण देवता परम हर्ष को प्राप्त हुये ॥४०॥ और सब देवता ऋषिलोग आनन्द संयुक्त भगवती की स्तुति

करने लगे और गन्धर्वपति लोग गाने और अप्सरा लोग नृत्य करने लगीं॥४१॥

इति श्रीमार्कण्डेय पुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवी माहात्म्ये
महिषासुर वधो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

व्यैर्महर्षिभिः । जगुर्गन्धर्वपतयो ननृतुश्चाप्सरो-
गणाः ॥ ४१ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमा-
हात्म्ये महिषासुरवधो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

ऋषिरुवाच ॥ शक्रादयस्सुरगणा निहतेऽतिवीर्ये त-

मेधा ऋषि कहते हैं कि हे सुरथ! जब देवीने उस अत्यन्त पराक्रमी दुरात्मा
महिषासुर को और उसकी सेना को मार डाला तब इन्द्रादि सब देवना शिर

और कन्धा झुकाए अतिहर्ष से सुन्दर रोमाञ्चित शरीरहो, मधुर वचनोंसे देवी की स्तुति इस प्रकार करने लगे कि॥१॥ हम सब लोग भक्ति पूर्वक उस अम्बिका देवी को प्रणाम करते हैं जो सब देवताओं के तेज स्वरूप हैं और उसने अपनी

स्मिन्दुरात्मनि सुरारिबले च देव्या । तां तुष्टुवुः प्रणतिनम्रशिरोधरांसा वाग्भिः प्रहर्षपुलकोद्गमचारुदेहाः ॥ १ ॥ देव्या यया ततमिदं गजदात्मशक्त्या निश्शेषदेवगणशक्तिसमूहमूर्त्या । तामम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां भक्त्या नताःस्म विदधातु शुभानि सा नः ॥२॥

शक्ति से इस सम्पूर्ण जगत् को उत्पन्न किया है और जिसको बड़े बड़े देव तथा ऋषि लोग पूजते हैं वह देवी हम लोगोंका कल्याण करे॥२॥ और जिनका अतुल

प्रभाव वर्णन करनेमें ब्रह्मा, विष्णु और महादेवभी असमर्थ हैं वह चंडिका भगवती जगत् का पालन करे और दुष्टोंसे जो भय उत्पन्न होताहै उसके नाशसे वंचित रक्खैं। ३। हे देवि ! आप सुकृति लोगोंके घरमें लक्ष्मी होकर और पापियोंके घरमें दरिद्रा

यस्या प्रभावमतुलम्भगवाननन्तो ब्रह्मा हरश्च नहि वक्तुमलम्बलञ्च। सा चण्डिकाऽखिलजगत्परिपालनाय नाशाय चाशुभभयस्य मतिङ्करोतु ॥३॥ या श्रीः स्वयं सुकृतिनाम्भवनेष्वलक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः। श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां

बनकर और निर्मल चित्त वालों के चित्त में बुद्धि होकर और सज्जनों के हृदय में श्रद्धा और कुलीनों के हृदयमें लज्जा होकर स्थित रहती हैं आपको हमलोग

प्रणाम करते हैं, हे देवि ! इस संसार का आप पालन कीजिये ॥ ४ ॥ हे देवि ! आपके इस अचिन्त्यरूप और असुरों को क्षय करने वाले पराक्रम और समर में आपके चरित्र का हम सबों से किस प्रकार वर्णन हो सकता है ॥ ५ ॥

नताः स्म परिपालय देवि विश्वम् ॥ ४ ॥ किं वर्णयाम तव रूपमचिन्त्यमेतत् किंचातिवीर्यमसुरक्षयकारि भूरि। किं चाहवेषु चरितानि तवातियानि सर्वेषु देव्यसुरदेवगणादिकेषु ॥५॥ हेतुस्समस्तजगतां त्रिगुणापि दोषैर्न ज्ञायसे हरिहरादिभिरप्यपारा । सर्वाश्रयाखिलमिदं जगदं-

आप अचिन्त्य हैं और सब जगत् का कारण और सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण संयुक्त हैं तो फिर राग इत्यादि से आपको कौन जान सकता है, विष्णु

और महादेव भी आपकी अपार महिमा को नहीं जान सकते क्योंकि सब जगत् आपके आश्रय और आपके अंश से पैदा है और आप सब विकारों से रहित हैं और आदि प्रकृति हैं ॥ ६ ॥ हे देवि ! यज्ञादि में आपही के नाम लेने

शभूतमव्याकृता हि परमा प्रकृतिस्त्वमाद्या ॥६॥ यस्याः समस्तसुरता समुदीरणेन तृप्तिं प्रयाति सकलेषु मखेषु देवि । स्वाहासि वै पितृगणस्य च तृप्तिहेतुरुच्चार्यसे त्वमत एव जनैः स्वधा च ॥ ७ ॥ यामुक्तिहेतुरविचिन्त्य-महाव्रता च अभ्यस्यसे सुनियतेन्द्रियतत्त्वसारैः। मोक्षा-

से देवता लोग और पितृकर्म में पितर लोग तृप्त होते हैं, आप ही का नाम स्वाहा और स्वधा है इसी लिये देवकर्ममें स्वाहा और पितृकर्म में स्वधा उच्चारण

करते हैं ॥ ७ ॥ हे देवि ! जोकि आप मुक्तिका कारण, अचिन्त्य हैं और दया, सत्य और ब्रह्मचर्य्य इत्यादि आपका साधन है और सम्पूर्ण दोषों को भञ्जन करनेवाली ब्रह्मज्ञान स्वरूपिणी विद्या आपही हैं इस लिये मोक्ष चाहने वाले जितेन्द्रिय मुनि लोग राग इत्यादि को छोड़ कर साक्षात् ब्रह्म आपही को जान

र्थिभिर्मुनिभिरस्तसमस्तदोषैर्विद्यासि सा भगवती परमा हि देवि ॥ ८ ॥ शब्दात्मिका सुबिमलर्ग्यजुषान्निधानमुद्गीथरम्यपदपाठवताञ्च साम्नाम् । देवि त्रयी भगवती भवभावनाय वार्त्ता च सर्वजगताम्परमार्त्तिह-

कर सदा ध्यान किया करते हैं ॥ ८ ॥ हे देवि ! दोषों से रहित ऋचा वाली यजुर्वेद पठित मन्त्रों का और प्रणवयुक्त सुन्दर पद पाठवाली सामवेद पठित मंत्रोंको शब्दस्वरूपिणी तीनों वेदमयी आपही हैं और सब जगत् का संकट

हरने वाली और प्राणियों के जीवन के वास्ते कृषि और वाणिज्य, पशुपालन इत्यादि कर्म और वार्ता भी आपही हैं ॥ ६ ॥ हे देवि ! मेधा और सरस्वती सब शास्त्रों को जानने वाली और दुर्गम संसार सागर से ज्ञानरूपी असङ्ग नौका

न्त्री ॥९॥ मेधासि देवि विदिताऽखिलशास्त्रसारा दुर्गासि दुर्गभवसागरनौरसङ्गाः । श्रीकैटभारिहृदयैककृताधि-वासा गौरी त्वमेव शशिमौलिकृतप्रतिष्ठा ॥ १० ॥ ईषत्सहासममलम्परिपूर्णचन्द्रबिम्बानुकारिकनकोत्तम-कान्तिकान्तम् । अत्यद्भुतं प्रहृतमात्तरुषात्तथापि वक्त्रं

होकर पार करने वाली दुर्गा आप ही हैं क्योंकि प्राकृत नौका में खेलने वाले इत्या-दि का संग रहता है और विष्णु के हृदयमें रहने वाली लक्ष्मी और महादेवजी

T

के अर्धाङ्ग में रहने वाली गौरी आप ही हैं ॥ १० ॥ और हे देवि! बड़े आश्चर्य की बात है कि आपके मुसकुराते हुए मुखको जो पूर्णमासी के निर्मल चन्द्रमा और उत्तम सुवर्ण की ज्योति समान है देखने पर भी महिषासुर का चित्त समर में आसक्त न हुआ और उसका क्रोध शान्त न हुआ वह महिषासुर बड़ा शूर

विलोक्य सहसा महिषासुरेण ॥ ११ ॥ दृष्ट्वा तु देवि कुपितं भ्रुकुटीकरालमुद्यच्छशाङ्कसदृशच्छवि यन्न सद्यः । प्राणान्मुमोच महिषस्तदतीव चित्रं कैर्जीव्यते हि कुपितान्तकदर्शनेन ॥ १२ ॥ देवि प्रसीद परमा भवती-

था जो आपके ऐसे मुखको, जो सम्पूर्ण जगत्को मोहने वाला है देख कर मोहित न हुआ ॥ ११ ॥ हे देवि! आपकी क्रोध संयुक्त तिरछी भौंहें और कराल

रूप और उदयकाल के लाल चन्द्रमा के समान मुख देख कर महिषासुर शीघ्र ही वहीं न मर गया यह और भी आश्चर्य की बात है क्योंकि क्रोधयुक्त यमको देखकर कौन जी सकता है ॥ १२ ॥ हे देवि! हम लोगों पर आप दयालु रहिये

भवाय सद्यो विनाशयसि कोपवती कुलानि । विज्ञातमेतदधुनैव यदस्तमेतन्नीतम्बलं सुविपुलम्महिषासुरस्य ॥ १३ ॥ ते सम्मता जनपदेषु धनानि तेषां तेषां यशांसि न च सीदति धर्मवर्गः । धन्यास्त एव निभृतात्मजभृत्यदारा येषां सदाऽभ्युदयदा भवती प्रसन्ना

आप सदा दयावती हैं जब जब हम लोगों पर कष्ट पड़ता है तब तब आप हमारे दुखों को नाश कर देती हैं यह सब बातें हम यथोचित जानते हैं क्योंकि महिषा-

सुरको उसकी प्रबल सेनाके सहित इसीसमय नाश कर दिया है ॥१३॥ हे देवि ! जिन लोगों पर आप सदा दयालु और प्रसन्न रहती हैं वेही लोग धन्य हैं और उन्हींको महात्मा लोग बड़ा समझते हैं और उन्हीं लोगोंको सदा धन,यश,अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष प्राप्त होता है, उन्हींके स्त्री और नौकर चाकर सदा सन्तुष्ट

॥१४॥ धर्म्याणि देवि सकलानि सदैव कर्माण्यत्यादृतः प्रतिदिनं सुकृती करोति । स्वर्गं प्रयाति च ततो भवती-प्रसादाल्लोकत्रयेऽपि फलदा ननु देवि तेन ॥१५॥ दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिम-

रहते हैं ॥ १४ ॥ हे देवि ! जिन पुण्यात्मा लोगों पर आप दयालु रहती हैं वेही लोग आपकी दयाके सदा श्रद्धायुक्त होकर नैमित्तिक आदि,धर्म कर्म किया

करते हैं और आप ही की दयासे ये लोग धर्म कर्म करके स्वर्गको प्राप्त होते हैं और तीनों लोकमें फलदाता भी आप ही हैं ॥ १५ ॥ हे देवि ! जो कोई संकट में आपका स्मरण करता है उसका संकट निवारण कर देती हैं और जो लोग

तीव शुभां ददासि । दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता ॥ १६ ॥ एभिर्हतैर्जगदुपैति सुखन्तथैते कुर्वन्तु नाम नरकाय चिराय पापम् । संग्राममृत्युमधिगम्य दिवम्प्रयान्तु मत्वेति नूनमहिता-

अच्छी दशामें आपका ध्यान करते हैं उनको आप अच्छी बुद्धि देतीहैं, दारिद्र्य दुःख और भयको नाश करनेवाली आपके समान कोई नहीं है और सबके उपकार करने के लिये सदा आप दयालु हो ॥ १६ ॥ हे देवि ! आपने इन्हीं दो

बातों के वास्ते दैत्यों को मारा है एक तो संसार को सुखहो दूसरे दैत्यलोग पापी नारकी हैं, संग्राम में मारे जाने से उनको स्वर्ग प्राप्त हो ॥ १७ ॥ हे देवि ! दैत्यलोग इस संग्राम में आपकी कोपदृष्टि से भस्म हो सकते थे, शस्त्र चलाने

न्थनिहन्सि देवि ॥१७॥ दृष्ट्वैव किन्न भवती प्रकरोति भस्म सर्वान्सुरानारषु यत्प्रहिणोषि शस्त्रम् । लोकान्प्रयान्तु रिपवोऽपि हि शस्त्रपूता इत्थम्मतिर्भवति तेष्वहितेषु साध्वी ॥ १८ ॥ खड्गप्रभा निकरविस्फुरणैस्तथो-

की कुछ आवश्यकता न थी परन्तु इस हेतुसे उन लोगों पर आपने शस्त्र चलाया कि आपका शस्त्र लगकर मरने से वे लोग निष्पाप हो कर स्वर्ग में जावें, इससे ज्ञात होता है कि दुष्टों पर भी आपको दया रहती है तो आपके भक्तोंके भाग्यका

बखान कहाँ तक किया जाय ॥ १८ ॥ हे देवि ! असुरोंकी आँखें जो आपके शूल और खड्ग की चमक से न फूटीं इसका यही कारण है कि आपके ललाट को वे लोग देखते रहे जिसमें अमृत किरणयुक्त अर्ध चन्द्रमा विराजमान हैं

ग्रैः शूलाग्रकान्तिनिवहेन दृशोसुराणाम् । यन्नागताविलयमंशुमदिन्दुखण्डयोग्याननन्तव विलोकयतां तदेतत् ॥१६॥ दुर्वृत्तवृत्तशमनं तव देवि शीलं रूपं तथैतदविचिन्त्यमतुल्यमन्यैः । वीर्यञ्च हन्तृहृतदेवपराक्रमाणां

॥ १६ ॥ हे देवि ! आपका यह गुण स्वभाव सिद्ध है जिससे पापियों का भी पापनाश होता है और आपका अचिन्त्यरूप उपमा रहित है और आपने जो अपना पराक्रम दिखाकर देवताओं के सताने वाले राक्षसोंको मारा है तो इससे

आपकी दयालुता प्रकट होती है ॥ २० ॥ हे देवि ! लोकत्रय में भी तुम्हारे समान कोई नहीं किस से उपमा दिया जाय । क्योंकि तुम्हारा पराक्रम और रूप शत्रुओं को भय देने वाला और समय पर उन्हीं दुष्टों के ऊपर

वैरिष्वपि प्रकटितैव दया त्वयेत्थम् ॥ २० ॥ केनोपमा भवतु तेऽस्य पराक्रमस्य रूपंच शत्रुभयकार्यतिहारि कुत्र । चित्ते कृपा समरनिष्ठुरता च दृष्टा त्वय्येव देवि वरदे भुवनत्रयेऽपि ॥ २१ ॥ त्रैलोक्यमेतदखिलं रिपुनाशनेन त्रातं

चित्त में बड़ी दया, युद्ध में निष्ठुरता ये गुण तीनों लोक में तुम्हारे सिवाय किस में हैं ॥ २१ ॥ हे देवि ! आपने समर में दुष्टोंका नाश करके जो तीनों लोकका रक्षा की है और उन शत्रुओं को स्वर्ग में प्राप्त किया

है और हम सबका भय दूर किया है इन सब बातोंके गुणानुवाद में सिवाय प्रणाम करने के और क्या हम सबसे हो सकता है ॥ ६२ ॥ हे देवि ! आप अपने शूल से और घण्टा बजाने और धनुष चढ़ाने की आवाज से हम लोगों

त्वया समरमूर्धनि तेऽपि हत्वा ।नीता दिवं रिपुगणा भयमप्यपास्तमस्माकमुन्मदसुरारि भवन्नमस्ते ॥२२॥ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके । घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च ॥ २३ ॥ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्याञ्च चंडिके रक्ष दक्षिणे । भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्त-

की रक्षा कीजिये ॥ २३ ॥ हे चण्डिके ! आप अपने शूलको घुमाकर पूर्व और पश्चिम और दक्षिण और उत्तर दिशा में-और इसी तरह चारों कोनों में

हे ईश्वरी ! हमारी रक्षा कीजिये ॥२४॥ आपका तीनों लोक में सृष्टिपालन करने वाला और नाश करनेवाला जो मङ्गल और भयानक रूप है ऐसे रूप से हम सबकी और पृथ्वीकी रक्षा कीजिये ॥ २५ ॥ हे अम्बिके ! आपके कर पल्लव

रस्यां तथेश्वरि ॥ २४ ॥ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते । यानि चात्यर्थघोराणि तैरस्मांस्तथा भुवम् ॥ २५ ॥ खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके । करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ॥ २६ ॥ ऋषिरुवाच ॥ एवं स्तुता सुरैर्दिव्यैः

में खडग शूल इत्यादि जो सब अस्त्र विराजमान हैं उन अस्त्रों से हम सबकी सर्वत्र रक्षा कीजिये ॥ २६ ॥ मेधाऋषि कहते हैं कि हे सुरथ !

जब इस तरह सब देवता लोगोंने नन्दन वनके दिव्य फूलों और गन्ध चन्दन इत्यादि से जगद्धात्री भगवतीको पूजन और स्तुति का ॥ २७॥ तब सम्पूर्ण देवता लोगोंने भक्तिपूर्वक दिव्य धूपके धूमसे जब भगवती को प्रसन्न किया तब

कुसुमैर्नन्दनोद्भवैः। अर्चिता जगतां धात्री तथा गन्धानुलेपनैः ॥ २७ ॥ भक्त्या समस्तैस्त्रिदशै र्दिव्यै धूपैस्तु धूपिता। प्राह प्रसादसुमुखी समस्तान् प्रणतान् सुरान् ॥ २८ ॥ देव्युवाच ॥ व्रियतां त्रिदशास्सर्वे यदस्मत्तोभिवाञ्छितम्। देवा ऊचुः ॥ भगवत्या कृतं सर्वन्न

भगवती कृपा करके उन देवताओं की तरफ सम्मुख हो कर बोली देवी ने कहा कि हे देवता लोगों! जो तुम्हारी इच्छा हो, वह वर मुझसे माँगो मैं दूँगी। देवता-

ओं न कहे कि हे भगवति ! आप हम लोगों की इच्छा पूर्ण कर चुकीं अब कुछ व.की नहीं है ॥ २६ ॥ क्योंकि हम लोगों का शत्रु जो महिषासुर था उसको आपने मारा परन्तु हे माहेश्वरी ! जो आप हम सबको वर देना ही चाहती हैं

किञ्चिदवशिष्यते ॥ २९ ॥ यदयन्निहतश्शत्रुरस्माकं महिषासुरः । यदि चापि वरो देयस्त्वयास्माकम्महेश्वरि ॥ ३० ॥ संस्मृता संस्मृता त्वन्नो हिंसेथाः परमापदः । यश्च मर्त्यः स्तवैरेभिस्त्वां स्तोष्यत्यमलानने ॥ ३१ ॥

॥ ३० ॥ तो हम लोगों ने भी आपका बहुत ध्यान किये हैं एक तो हम सबकी परम बिपत्तिको आप सदा प्रसन्न हो कर नाश किया कीजिये हे अमलानने ! इस स्तोत्र से जो मनुष्य आप को स्तुति करे ॥ ३१ ॥ उसके ज्ञान और

ऐश्वर्यसंयुक्त धन और स्त्री और पुत्र इत्यादिको वृद्धिके वास्ते हे अम्बिके ! सब दिन आप उसपर सहाय रहिये॥३२॥ मेधाऋषि कहतेहैं कि हे राजन् ! इस तरह देवतालोगों ने अपने और दूसरोंके लिये भगवती की प्रार्थना की तब वह भद्र

तस्य वित्तर्द्धिविभवैर्धनदारादिसम्पदाम् । वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना त्वं भवेथास्सर्वदाम्बिके ॥३२॥ ऋषिरुवाच॥ इति प्रसादिता देवैर्जगतोऽर्थे तथात्मनः । तथेत्युक्त्वा भद्रकाली बभूवान्तर्हिता नृप ॥३३॥ इत्येतत्कथितं भूप सम्भूता सा यथा पुरा । देवी देवशरीरेभ्यो जगत्त्रय-

काली प्रसन्न होकर एवमस्तु कह कर अन्तर्धान हो गई ॥ ३३ ॥ हे राजन् ! देवताओं के शरीरसे तीनोंलोक के उपकार के वास्ते जिस तरह देवी उत्पन्न हुई

उसका वृतान्त तो सब तुमसे वर्णन किया ॥ ३४ ॥ फिर जिस तरह दुष्ट दैत्यों और शुम्भ और निशुम्भके लिये गौरीके शरीर से देवी प्रकट हुई ॥ ३५ ॥

हितैषिणी ॥ ३४ ॥ पुनश्च गौरी देहात्सा समुद्भूता यथाभवत् । वधाय दुष्टदैत्यानां तथा शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ३५ ॥ रक्षणाय च लोकानां देवानामुपकारिणी।तच्छृणुष्व मया ख्यातं यथावत्कथयामि ते ॥३६॥

और सब लोकोंकी रक्षा और देवताओं का उपकार किया उसका वृतान्त भी विस्तार पूर्वक वर्णन करता हूँ, सुनो ॥ ३६ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शक्रादिकृतदेव्याः स्तुतिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शक्रादिकृतदेव्यास्तुतिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

ऋषिरुवाच ॥ पुरा शुम्भनिशुम्भाभ्यामसुराभ्यां शचीपतेः । त्रैलोक्यं यज्ञभागाश्च हृता मदबलाश्रयात्

ऋषि कहते हैं कि सुरथ ! पूर्वकालमें शुम्भ और निशुम्भ दोनों असुरों ने अपने बलके अहंकार से इंद्रका राज्य और सम्पूर्ण देवताओंका यज्ञ भाग हरण करके तीनों लोकको अपने वशमें कर लिया ॥१॥ और सूर्य, चंद्रमा,, कुबेर और

T

यम, वरुणका भी अधिकार छीन कर आप ही करने लगा ॥ २ ॥ इसी तरह पवन और अग्निका अधिकार भी आप ही करता था तब देवता लोग उसके

॥ १ ॥ तावेव सूर्यतान्तद्वदधिकारन्तथैन्दवम्। कौबेरमथयाम्यञ्च चक्राते वरुणस्य च॥ २ ॥ तावेव पवनर्द्धिञ्च चक्रतुर्वह्निकर्म च। ततो देवा विनिर्धूता भ्रष्टराज्याः पराजिताः ॥ ३ ॥ हृताधिकारास्त्रिदशास्ताभ्यां सर्वे निराकृताः। महासुराभ्यां तां देवीं संस्मरन्त्यपराजिताम्

डरसे काँप कर और पराजित होकर अपने राज्यसे अलग हो गये ॥ ३ ॥ तो भी उन दोनों असुरोंने देवताओं को चैन न लेने दिया, सबको स्वर्ग से निकाल दिया, तब देवताओं ने अपराजिता देवीका ध्यान किया ॥ ४ ॥ और सोचा कि

भगवती ने हम सबको पूर्वही वरदान दिया है कि जब तुमलोग विपत्ति में मेरा ध्यान करोगे तब मैं उसी समय तुम्हारी विपत्ति छुड़ा दूँगी ॥ ५ ॥ देवता लोग यह बात अपने जीमें सोचकर गिरिराज हिमालय पर्वतमें गये और वहाँ जाकर

॥ ४ ॥ तयास्माकं वरोदत्तो यथापत्सुस्मृताखिलाः । भवतां नाशयिष्यामि तत्क्षणात्परमापदः ॥ ५ ॥ इति कृत्वा मतिं देवा हिमवन्तन्नगेश्वरम् । जग्मुस्तत्र ततो देवीं विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः ॥ ६ ॥ देवा ऊचुः ॥ नमोदेव्यै महादेव्यै शिवायै सततन्नमः । नमःप्रकृत्यै भद्रायै नियताः

विष्णुमाया भगवतीकी इस तरह स्तुति करने लगे कि ॥ ६ ॥ उस देवीको हम लोग स्थिर चित्तसे प्रणाम करते हैं जो महादेवी शिवा प्रकृति कहलाती हैं और

कल्याण करती हैं ॥ ७ ॥ और उसी देवीको हम सब हर समय प्रणाम करते हैं जो सबको नाश करनेवाली और आप अविनाशी हैं और गौरी हैं तथा सम्पूर्ण

प्रणताः स्म ताम् ॥ ७ ॥ रौद्रायै नमो नित्यायै गौर्यै धात्र्यै नमोनमः । ज्योत्स्नायै चेन्दुरूपिण्यै सुखायै सततं नमः ॥ ८ ॥ कल्याण्यै प्रणतां वृद्ध्यै सिद्ध्यै कूर्मो नमोनमः । नैर्ऋत्यै भूभृतां लक्ष्म्यै शर्वाण्यै ते नमोनमः ॥ ९ ॥ दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै सर्वकारिण्यै ॥ ख्यात्यै

जगत्को धारण करनेवाली ज्योतिस्वरूपिणी परमानन्दरूपा हैं ॥८॥ और प्रणत-जनोंका कल्याण करने वाली और ऋद्धि सिद्धि देनेवाली भगवती जो पर्वतों की लक्ष्मी और शिवशक्ति तथा शर्वाणी हैं उनको हमलोग बारंबार प्रणाम करतेहैं॥९॥

और संसार सागरसे पार करनेवाली दुर्गा और सब जगत्का कार्य करने वाली और परकीर्ति पुरुषमें भेद ज्ञानरूपिणी कृष्णा अर्थात् काली धूम्रा अर्थात् जिनका रूप धुआंसा है उनको हमारा प्रणाम है ॥ १० ॥ और उस भगवती को हमारा

तथैव कृष्णायै धूम्रायै सततन्नमः ॥ १० ॥ अतिसौम्या-तिरौद्रायै नतास्तस्यै नमोनमः। नमोजगत्प्रतिष्ठायै देव्यै कृत्यै नमो नमः ॥११॥ या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो-

वारंवार प्रणाम है जो संसारको स्थिर करने वाली और अत्यन्त दयावती और संसार में प्रवृति करनेवाली अति रौद्रा है, और सम्पूर्ण जगत्का कारण देवशक्ति और क्रियारूपा हैं ॥ ११ ॥ जो देवी सब प्राणियों में विष्णुमाया मूल विद्या

कहलाती हैं उनको मन, वचन, कर्म से हम लोग प्रणाम करते हैं ॥ १२ ॥ जो देवी सब प्राणियों में चैतन्यरूपी होकर विराजती हैं उनकों हम सबका प्रणाम

नमः ॥१२॥ या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥१३॥ या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ १४ ॥ या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै

है ॥१३॥ जो सब प्राणियों में बुद्धिरूप होकर विराजती हैं उनको प्रणाम है ॥१४॥ जो देवी सब प्राणियों में निद्रारूप होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ १५ ॥ जो देवी सब प्राणियों में क्षुधारूप होकर रहती हैं

उनको हमारा प्रणाम है ॥ १६ ॥ जो देवी सब प्राणियों में छायारूपी होकर रहती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ १७ ॥ जो देवी सब प्राणियों में

नमस्तस्यै नमोनमः ॥ १५ ॥ या देवी सर्वभूतेषु क्षुधा रूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः॥१६॥या देवी सर्वभूतेषु छायारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ १७ ॥ या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ १८ ॥ या देवी सर्व-

शक्तिरूपा होकर रहती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ १८ ॥ जो देवी सब

जोवों में तृष्णारूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ १६ ॥
जो देवी सब में क्षमारूपा होकर रहती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २० ॥

भूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ १६ ॥ या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २० ॥ या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ २१ ॥ या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता।

जो देवी सब प्राणियों में लज्जारूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २१ ॥ जो देवी सब प्राणियो में शान्तिरूपा होकर विराजती हैं

उनको हमारा प्रणाम है ॥ २२ ॥ और जो देवी सब प्राणियों में श्रद्धारूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २३ ॥ जो देवी सब जीवों में कान्ति

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥२२॥ या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ २३ ॥ या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ॥ नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥ २४ ॥ या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता।

अर्थात् तेजोरूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २५ ॥ जो देवी सब प्राणियों में लक्ष्मीरूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है

॥ २५ ॥ जो देवी सब जीवों में जीविका रूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २६ ॥ जो देवी सब प्राणियों में स्मृति अर्थात् अनुभव-

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः
॥२५॥ या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः
॥ २६ ॥ या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः
॥ २७ ॥ या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता।

रूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २७ ॥ जो देवी सब प्राणियों में दयारूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २८ ॥

जो देवी सब प्राणियों में तुष्टि अर्थात् सन्तोषरूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ २९ ॥ जो देवी सब प्राणियों में मातृरूपा होकर विरा-

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥२८॥ या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ॥२९॥ या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तयै नमोनमः ॥ ३० ॥ या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नम-

जतो हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ ३० ॥ जो भगवती सब प्राणियो में भ्रान्ति

रूपा होकर विराजती हैं उनको हमारा प्रणाम है ॥ ३१ ॥ जो देवी सब प्राणियो में इन्द्रियोकी मालिक और सब में व्याप्त हैं उनको हम सबका प्रणाम

